दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
नई दिल्ली। बुधवार 16 जुलाई-2025 | वर्ष : 10 अंक : 207 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3






दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। बुधवार 16 जुलाई-2025 ● वर्ष: 10 अंक: 207 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य: ₹3










## शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से सफल वापसी पर देश में खुशी का माहौल, पीएम मोदी ने दी बधाई




**नई दिल्ली।** भारत ने चार दशक बाद मानव अंतरिक्ष उड़ान के क्षेत्र में वापसी की है। एक्सिओम-4 मिशन के तहत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) से सफलतापूर्वक धरती पर लौट आए हैं। उनके लौटने से देश में खुशी का माहौल है। वहीं, ग्रुप कैप्टन शुक्ला और उनकी टीम को देशभर से शुभकामनाएं दी जा रही हैं। देश के राजनेताओं की ओर से भी इस मिशन की कामयाबी पर प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

**ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का धरती पर स्वागत: राष्ट्रपति मुर्मू –** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का अंतरिक्ष यात्रा के बाद धरती पर स्वागत है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एक्सिओम-4 मिशन में उनकी भूमिका ने भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण के साथ-साथ विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है। इस मिशन से जुड़े लोगों को मेरी बधाई।

**एक अरब लोगों को शुभांशु शुक्ला ने प्रेरित किया: पीएम मोदी –** वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा, 'मैं पूरे देश की तरफ से ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हूं, जो अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से धरती पर लौटे हैं। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में उन्होंने अपनी मेहनत, साहस और नए रास्ते खोलने की भावना से एक अरब लोगों के सपनों को प्रेरित किया है। यह हमारी अपनी मानव अंतरिक्ष उड़ान योजना 'गगनयान' की ओर एक और बड़ा कदम है।'

**हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण: राजनाथ सिंह :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की एक्सिओम-4 मिशन के तहत सफल वापसी हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने न केवल अंतरिक्ष को छुआ है, बल्कि भारत की आकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उनका अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक का सफर सिर्फ उनकी व्यक्तिगत सफलता नहीं है, बल्कि भारत की बढ़ती अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं का भी बड़ा कदम है। उन्हें उनके भविष्य के प्रयासों में ढेर सारी सफलता की कामना करता हूं।

**शुंभाशु शुक्ला ने लाखों लोगों को दिए सपनों के पंख: सिद्धारमैया :** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा, मैं शुभांशु शुक्ला को उनकी अंतरिक्ष की सफल यात्रा और धरती पर सुरक्षित वापसी पर हार्दिक बधाई देता हूं।

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय के रूप में इतिहास रचा है और पूरे देश को गौरवान्वित किया है। अपने दृढ़ संकल्प से उन्होंने लाखों लोगों के सपनों को पंख दिए हैं। उनकी यह यात्रा भारत के अंतरिक्ष अनुसंधान में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह देश के लिए गौरव का क्षण है। भारत ने अंतरिक्ष अन्वेषण में एक नया मील का पत्थर पार कर लिया है।

**गगनयान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम: देवेंद्र फडणवीस :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक्स पर लिखा, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने इतिहास रचा। उन्हें उनके ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन के सफल समापन पर हार्दिक बधाई।

## भारतीय सेना मानहानि मामले में राहुल गांधी का लखनऊ कोर्ट में सरेंडर, मिली जमानत



**लखनऊ।** लखनऊ की एमपी-एमएलए कोर्ट ने भारतीय सैनिकों के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी मामले में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को जमानत दे दी है। कोर्ट ने 20 हजार के मुचलके पर जमानत दी है। राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दिए गए बयान को लेकर दर्ज इस मामले में पहले पांच सुनवाइयों में हाजिर नहीं हुए थे। मंगलवार को उन्होंने एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट आलोक वर्मा के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होकर सरेंडर किया और जमानत याचिका दाखिल की।

राहुल गांधी के वकील प्रांशु अग्रवाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह मामला सांसद-विधायक अदालत के न्यायाधीश आलोक वर्मा ने उन्हें हिरासत में लिया और उनकी जमानत याचिका स्वीकार करने के बाद उन्हें रिहा कर दिया। अदालत के निदेर्शानुसार जमानत बांड और जमानत राशि जमा करने के बाद उन्हें जाने दिया गया। अदालत अब अगली सुनवाई में मामले में आगे की कार्यवाही करेगी।

विशेष अदालत ने इस मानहानि मामले में उन्हें आरोपी के रूप में तलब किया था। इसके पहले गांधी करीब करीब एक बजे लखनऊ हवाई अड्डे पहुंचे और फिर वहां से पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय और उत्तर प्रदेश के पार्टी मामलों के प्रभारी अविनाश पांडे के साथ विशेष सांसद/विधायक अदालत के लिए रवाना हुए।

राहुल गांधी के अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल ने कोर्ट में तर्क दिया कि राहुल गांधी की विरुद्ध लगाया गया आरोप मात्र दो वर्ष के दण्डनीय अपराध से संबंधित है तथा उच्च अदालतों द्वारा दी गई विधि व्यवस्थाओं के आधार पर उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए। यह भी कहा कि राहुल गांधी रायबरेली से सांसद हैं तथा उनके भागने की कोई संभावना नहीं है। जबकि वादी के अधिवक्ता विवेक तिवारी ने दलील दी कि राहुल गांधी ने सेना का अपमान किया है तथा झूठे आरोप लगाएं हैं।

## महापौर सुनीता दयाल ने कांवड़ यात्रा मार्ग का किया निरीक्षण

### भक्तों को नगर निगम क्षेत्र में न चुभे कोई कंकर : महापौर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्रवण माह में भगवान भोले के भक्त हरिद्वार से पैदल गंगाजल लेकर भगवान शिव पर शिवरात्रि पर जलाभिषेक करते है जिसके लिए वह भक्त गाजियाबाद नगर निगम सीमा से होकर भी अपने अपने शहर को जाते है और उन सभी भक्तों के लिए नगर निगम मूल भूत सुविधाओं को प्रदान करता है।



### कांवड़ रूट पर नगर निगम ने की भरपूर तैयारी

करंट क्राइम। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा की गई तैयारियों का निरीक्षण करने महापौर सुनीता दयाल



निकली जिसमें उन्होंने देखा कि नगर निगम द्वारा शिविर कैम्प के आस पास अच्छी साफ सफाई, शौचालय, पानी के टैंक,प्रकाश व्यवस्था, और 24 घंटे नगर निगम के सफाई कर्मचारी उपलब्ध है। निरीक्षण के दौरान उपलब्ध कर्मचारियों के महापौर ने वार्ता की जिसमे उनके द्वारा निरंतर सफाई करने की बात की और विशेष रूप से उनको बताया कि हमारे शहर से भक्तों द्वारा कांवड़ यात्रा निकाली जा रही है और भगवान शिव के भक्त नंगे पैर यह यात्रा करते हैं आप हर समय सड़को पर तैनात हैं परंतु नंगे पैर भक्तों को कोई कंकर चुभे तो यह बहुत गलत होगा इस लिए सड़कों पर एक कंकर भी न रहे जिससे भक्तों की यात्रा बहुत ही आराम से पूरी हो सके।

### कांवड़ शिविर लगाएं परंतु ग्रीन बेल्ट के पौधों को न मारें : महापौर



करंट क्राइम। आस पास लगे शिविर कैम्प वालो ने भी मेरठ रोड पर ग्रीन बेल्ट में पौधों का नाश कर दिया है जिससे शहर की सुंदरता खत्म हो जाएगी, महापौर ने सभी से कहा कि आप अपना कैम्प के कारण पौधों को हानि न पहुँचाएं इनका भी ध्यान रखे। इसके साथ साथ महापौर ने सभी शिविर वाले से अपील भी की है कि पूरी कांवड़ यात्रा को प्लास्टिक मुक्त बनाने आपके सहयोग की आवश्यकता है इसलिए आप अपने अपने कांवड़ शिविरों में प्लास्टिक का प्रयोग न करें।

## पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कांवड़ मार्ग व शिविरों का किया निरीक्षण

### मेरठ तिराहा से सीमापुरी बॉर्डर और डाबर तिराहे मार्ग का लिया जायजा





### थाना साहिबाबाद, लिंक रोड और शालीमार गार्डन का भी किया सीपी ने दौरा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कांवड़ यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री और डीजीपी के निर्देश के बाद लगातार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस कमिश्नर से लेकर एडिशनल कमिश्नर, एडीसीपी ट्रैफिक से लेकर जोन वाले डीसीपी अपने इलाकों के कांवड़ मार्ग और कांवड़ शिविरों का निरीक्षण कर रहे हैं। सोमवार की रात पुलिस कमिश्नर ने खुद मेरठ रोड तिराहे से लेकर सीमापुरी बॉर्डर और फिर मोहन नगर से लेकर डाबर तिराहा तक पढ़ने वाले दो दर्जन से अधिक कांवड़ शिविरों और पूरे कावड़ मार्ग का भ्रमण किया। इस दौरान मुख्य मार्ग पर लाइटिंग की व्यवस्था ठीक प्रकार से कराने के साथ ही प्रत्येक कट पर पुलिस कर्मियों की एसीपी और डीसीपी के स्तर से ड्यूटी चार्ट निरीक्षण का निर्देश दिया गया है। तो वहीं आम जनता को परेशानी ना हो, इसके लिए मार्ग पर ठीक प्रकार से यातायात संचालित करने का भी निर्देश पुलिस कमिश्नर ने दिया।

### सीपी थानों का भी कर रहे हैं लगातार निरीक्षण







करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड कांवड़ यात्रा को लेकर अलर्ट मोड पर हैं। तो वह लगातार पुलिस कमिश्नरेट के थानों का निरीक्षण भी खुद ही कर रहे हैं। वहां की व्यवस्थाओं और साफ सफाई से लेकर पुलिस की हेल्प डेल्स और महिला हेल्प डेस्क से लेकर पुलिस ऑफिस को सुधारने के निर्देश दे रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार रात उन्होंने थाना शालीमार गार्डन, साहिबाबाद और लिंक रोड का निरीक्षण करते हुए एसीपी और अन्य अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। इस मौके पर उनके साथ डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव, एसीपी शालीमार गार्डन अतुल सिंह और थानाध्यक्ष लिंक रोड प्रीति सिंह व साहिबाबाद प्रभारी योगेंद्र को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## अगर खुल गया नगर निगम में हाउस टैक्स को लेकर पार्षदों का मोर्चा रण में दिखाई देंगे इस पार से लेकर उस पार तक भगवा पार्षद

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम की सियासत में इन दिनों अजीब हवा बह रही है। केंद्र में सरकार भाजपा की है, प्रदेश में सरकार भाजपा की है और भाजपा के पार्षद अपनी ही सरकार में हाउस टैक्स की वृद्धि रोकने के लिये लड़ाई लड़ रहे हैं। ये एक विडंबना भी कही जा सकती है कि जिस गाजियाबाद की जनता ने लोकसभा के चुनाव में प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री से बड़ा जनादेश यहां के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को दिया। जिस गाजियाबाद की जनता ने विधानसभा चुनाव में देश का सबसे बड़ा जनादेश भाजपा के विधायक सुनील शर्मा को दिया। जिस नगर निगम में 100 पार्षदों वाले सदन में भाजपा के 75 पार्षद, जिस नगर निगम में मेयर की सीट पर नगर निगम के गठन से ही भाजपा का कब्जा है उस नगर निगम में हाउस टैक्स को लेकर भाजपा के पार्षद लड़ रहे हैं। वो




विशेष बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव लाते हैं। उस प्रस्ताव में सर्वसम्मति से टैक्स वृद्धि को निरस्त किया जाता है, लेकिन जनता उस समय चौंक जाती है कि जब उनके मोबाइल फोनों पर प्रस्ताव निरस्त होने के बाद भी टैक्स वृद्धि के साथ बिल पहुंच जाते हैं। मेयर ने ही 30 जून वाली बैठक में सदन में प्रस्ताव निरस्त होने की घोषणा की और जब बढ़े हुए बिल पहुंचे तो मेयर को दोबारा से आकर ये स्पष्ट करना पड़ा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि बिलों में वृद्धि नहीं की गई। अब ये माना जा रहा है कि हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर नगर निगम में मोर्चा भाजपा बनाम भाजपा खुलेगा। पार्षदों ने अब ये मन बना लिया है कि बिना मोर्चा खोले काम नहीं होगा। वो मिनट्स मांग रहे हैं और अधिकारी आश्वासन दे रहे हैं। 30 जून को बैठक हुई थी और 15 जुलाई भी गुजर गई, लेकिन ऐसा क्या है कि निगम के अधिकारी पार्षदों को मिनट्स नहीं दे रहे हैं। खास बात ये है कि हाउस टैक्स को लेकर सबसे पहला मोर्चा भाजपा के ही तीन पूर्व सीनियर पार्षदों ने खोला।

सदन में भाजपा के पार्षद टैक्स वृद्धि के विरोध में आ गए। नदिया पार के पार्षदों ने सोमवार को भी बात की और अल्टीमेटम दे दिया। सूत्र बताते हैं कि ये विरोध धीरे-धीरे बढ़ रहा है और नगर निगम के सदन में मोर्चा खुलेगा और यहां भाजपा के पार्षद धरने पर बैठ जाएंगे। सबसे खास बात ये रहेगी कि विपक्ष यहां साइलेंट रहेगा और सीन भाजपा बनाम भाजपा हो जाएगा। एक मोर्चा पक्ष में रहेगा और दूसरा विपक्ष में रहेगा।

### कौन से पार्षद रहेंगे साइलेंट मोड पर और नहीं करेंगे विरोध

**(करंट क्राइम)।** मामला टैक्स के बढ़ाए जाने से है और बढ़े हुए टैक्स को लेकर विरोध बढ़ रहा है। पार्षदों को ये लग रहा है कि अगर वो अब नहीं बोले तो फिर चुनाव के समय जनता बोलेगी। ये पार्षद भाजपा के हैं और लगातार मोर्चा खोल रहे हैं। वो जनता के प्रति जवाबदेही मान रहे हैं और अधिकारियों से मिनट्स मांग रहे हैं। भाजपा के पार्षद नीरज गोयल, गौरव सौलंकी सहित पूर्व पार्षद मनोज गोयल सहित एक लंबी फेहरिस्त है। निगम सूत्र बताते हैं कि यहां पर भाजपा ही दो खेमों में बंटेगी और भाजपा के दो पार्षद ऐसे हैं जो जनता पर लगाए गए कर के विरोध में नहीं बोलेंगे। वो दोनों ही यहां पार्टी धर्म निभाएंगे और अगर वो विरोध में नहीं आएंगे तो पक्ष में भी नहीं आएंगे और ये साइलेंट मोड पर रहेंगे।

### सीन टिका है कोर्ट के डिसीजन वाली पोजिशन पर

**(करंट क्राइम)।** टैक्स को लेकर सरकार वालों के भीतर ही रार बढ़ रही है। फूल वाले रूल बता रहे हैं और अधिकारी भी एक्ट गिना रहे हैं। वहीं इन सबके बीच बार-बार 29 जुलाई का जिक्र आ रहा है। दरअसल 29 जुलाई वो तारीख है जब टैक्स बढ़ोत्तरी के मामले में हाईकोर्ट को फैसला देना है। हाईकोर्ट में याचिका भी भाजपा के ही सीनियर पूर्व पार्षदों ने दाखिल की है। अधिकारी भी अब ये कहने लगे हैं कि कोर्ट के फैसले के बाद ही टैक्स को लेकर कुछ कहना उपयुक्त रहेगा। वहीं कानून के जानकार ये कह रहे हैं कि मामला लंबा भी खिंच सकता है। जरूरी नहीं है कि कोर्ट अपना आदेश 29 जुलाई को ही दे। वो कानूनी पेंच बता रहे हैं और उनका ये मानना है कि इस मामले में कोर्ट अगली तारीख भी दे सकती है। वो दोनों ही पक्षों से साक्ष्य भी मांग सकती है और कुल मिलाकर सीन तारीख पर तारीख वाला भी हो सकता है।

## एंबुलेंस से टकराए कांवड़ियों ने मधुबन बापूधाम थाने का किया घेराव

### एसीपी कवि नगर ने समझा-बुझाकर मामला कराया शांत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मंगलवार को मुरादनगर थानाक्षेत्र में एक एंबुलेंस से कुछ कांवडिए टकरा गए। इसके बाद जमा हो गए और नारेबाजी शुरू कर हंगामा किया। जिसके बाद यह कांवडिए मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र पहुंचे और थाने पर अपने साथियों के साथ बैठ गए। नारेबाजी की मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने समझाने बुझाने का काम किया लेकिन जैसे ही मामले की सूचना एसीपी कवि नगर भास्कर वर्मा को मिली वह थाना मधुबन बापूधाम पहुंचे और शिव भक्तों के साथ बातचीत कर उन्हें आगे की यात्रा के लिए रवाना किया गया। हालांकि मौके पर मौजूद थानाध्यक्ष कांवड़ियों से बातचीत करने व उनको मनाने में पूरी तरह से नाकाम साबित हुए। वह उन्हें मना नहीं पाए और बाद में एसीपी ने पहुंचकर पूरे मामले को शांत करवाया।



बता दें की कांवड़ यात्रा के दौरान अब तक मोदीनगर से लेकर मुरादनगर और मधुबन बापूधाम क्षेत्र में इस तरीके के मामले आ रहे हैं। हालांकि ट्रैफिक पुलिस और कमिश्नरेट के अधिकारियों ने कांवड़ियों के साथ किसी प्रकार का वाद विवाद एवं हंगामा न हो, इसके लिए सोमवार दोपहर से ही मार्ग वनवे कर दिया था।

बावजूद इसके मंगलवार को एंबुलेंस ने कांवड़िए को टक्कर मारने की घटना सामने आई है। एसीपी भास्कर वर्मा का कहना है कि इस मामले में थाने पहुंचे शिव भक्तों के साथ बातचीत कर उन्हें यात्रा के लिए रवाना कर दिया गया था।

# कांवड़ पथ पर दुकानों में क्यूआर कोड मामले में अदालत सख्त

## यूपी सरकार से 22 जुलाई तक मांगा जवाब

**उत्तर प्रदेश सरकार ने 25 जून को जारी निर्देश में कहा था कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर बनी दुकानों के मालिकों को अपनी पहचान बताने के लिए दुकान पर क्यूआर कोर्ड प्रदर्शित करना जरूरी होगा। निर्देश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी।**




**नई दिल्ली।** कांवड़ यात्रा मार्ग पर बनी दुकानों पर क्यूआर कोड लगाने और दुकान मालिकों की पहचान उजागर करने के उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में यूपी सरकार को नोटिस जारी किया है। साथ ही 22 जुलाई तक जवाब मांगा है।

जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने शिक्षाविद् अपूर्वानंद झा एवं अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यूपी सरकार से जवाब तलब किया है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल भी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश द्वारा जारी कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित भोजनालयों को अपने मालिकों, कर्मचारियों के नाम और अन्य विवरण प्रदर्शित करने के निर्देशों पर रोक लगा दी थी।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान 25 जून को यूपी सरकार द्वारा जारी निर्देश का हवाला देते हुए शिक्षाविद् अपूर्वानंद झा ने कहा कि नए निर्देश के तहत कांवड़ मार्ग पर बने सभी भोजनालयों पर क्यूआर कोड प्रदर्शित करना अनिवार्य है। इससे दुकान मालिकों के नाम और पहचान का पता चले। इससे दोबारा वही भेदभाव किया जा रहा है, जिसे पहले इस अदालत ने रोका था।

याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार का निर्देश, जिसमें स्टॉल मालिकों को कानूनी लाइसेंस आवश्यकताओं के तहत धार्मिक और जातिगत पहचान का खुलासा करने के लिए कहा गया है, दुकान, ढाबा और रेस्तरां मालिकों के निजता के अधिकार का उल्लंघन करता है।

**श्रावण मास का महत्व :** श्रावण मास के दौरान शिवलिंगों का जलाभिषेक करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा से पवित्र जल लेकर विभिन्न स्थानों से कांवड़ लेकर आते हैं। कई श्रद्धालु इस महीने में मांसाहार से परहेज करते हैं। कई लोग तो प्याज और लहसुन वाला भोजन भी नहीं खाते।

# धरती पर सकुशल उतरा शुभांशु शुक्ला का यान

## ड्रैगन कैप्सूल से बाहर आए सभी अंतरिक्ष यात्री, एक्सिओम मिशन सफल

**नई दिल्ली।** भारत का बेटा शुभांशु शुक्ला 20 दिन अंतरिक्ष में और 18 दिन अंतरिक्ष स्टेशन पर बिताने के बाद आज धरती पर सकुशल लौट आया है। शुंभाशु शुक्ला और क्रू के अन्य सदस्यों को लेकर ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट का कैप्सूल प्रशांत महासागर में उतरा। शुभांशु शुक्ला का यान सोमवार शाम करीब 4.45 बजे अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन से अनडॉक हुआ था।

धरती पर सकुशल उतरा शुभांशु शुक्ला का यान। प्रशांत महासागर में यान सफल स्प्लैशडाउन हुआ। यान के समुद्र में उतरते ही पूरा देश खुशी से झूम उठा। इसके साथ ही शुभांशु शुक्ला ने इतिहास रच दिया। जैसे ही शुभांशु शुक्ला और क्रू के अन्य सदस्यों को लेकर यान समुद्र में उतरा, देश में भावनाओं का ज्वार उमड़ पड़ा। शुभांशु के माता-पिता भावुक और गौरवान्वित होते हुए इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने।

**यान के पैराशूट खुले :** शुभांशु शुक्ला के यान के पैराशूट खुल गए हैं और अब कुछ ही मिनटों में यान समुद्र में उतरेगा। यान फिलहाल धरती से 800 मीटर की दूरी पर है।

**यान से कम्युनिकेशन स्थापित हुआ :** मिशन को लेकर अच्छी खबर सामने आई है कि ड्रैगन स्पेसयान का नासा के केंद्र के साथ संचार स्थापित हो गया है और अब यान धरती की तरफ बढ़ रहा है।




### पीएम मोदी बोले- यह गगनयान मिशन की दिशा में मील का पत्थर



पीएम मोदी ने शुभांशु शुक्ला के सकुशल धरती पर लौट आने पर खुशी जताते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया। इसमें पीएम मोदी ने लिखा 'मैं पूरे देश के साथ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हूं, जो अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से पृथ्वी पर लौट आए हैं। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में, उन्होंने अपने समर्पण, साहस और अग्रणी भावना से करोड़ों सपनों को प्रेरित किया है। यह हमारे अपने मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान की दिशा में एक और मील का पत्थर है।'

**केंद्रीय मंत्री ने जताई खुशी :** ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के सकुशल धरती पर लौटने पर केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि 'भारत ने आज अंतरिक्ष की दुनिया में एक चिरस्थायी मुकाम हासिल कर लिया है। यह भारत के लिए गर्व का पल है कि हमारा बेटा सकुशल धरती पर लौट आया है।'

# अमृत भारत एक्सप्रेस से 10 घंटे में पूरा होगा पटना-दिल्ली का सफर

**18 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। इस ट्रेन से पटना से दिल्ली तक का सफर 10 घंटे में पूरा होगा। बिहार विधानसभा चुनाव से चंद महीने पहले ये प्रदेश की जनता के लिए केंद्र और रेल मंत्रालय की बड़ी सौगात मानी जा रही है। इस ट्रेन का किराया और रूट क्या होगा? किस दिन शुरू होगा संचालन?**




**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जुलाई को जाएंगे बिहार दौरे पर**

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखों के एलान के पहले ही प्रदेश में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हैं। सभी दलों के नेताओं का बिहार आना-जाना का सिलसिला भी चल रहा है। ऐसे में भारतीय रेलवे भी एक्शन में नजर आ रहा है। रेलवे ने बिहार में चुनाव की घोषणा से पहले ही कई नई ट्रेनों की सौगात बिहारवासियों को दी है। अब रेलवे राजधानी दिल्ली से पटना के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को एक बड़ी सौगात देने जा रहा है।

रेलवे वंदे भारत जैसी रफ्तार और अत्याधुनिक सुविधाओं वाली अमृत भारत एक्सप्रेस अब राजधानी पटना से भी शुरू करने जा रहा है। जानकारी के अनुसार, इस ट्रेन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जुलाई को ऑनलाइन करेंगे। 20 जुलाई से इस ट्रेन का नियमित परिचालन शुरू हो जाएगा। यह ट्रेन न सिर्फ तेज रफ्तार से दौड़ेगी, बल्कि इसमें आधुनिक सुविधाएं भी होंगी। यह ट्रेन करीब 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी। पटना से दिल्ली के बीच का लगभग 1000 किलोमीटर का सफर मात्र 10 घंटे में पूरा करेगी। इससे यात्रियों को आरामदायक सफर तो मिलेगा ही साथ ही समय की भी बचत होगी।

इस ट्रेन में जनरल और स्लीपर कोच होंगे। एसी कोच नहीं होंगे। इस ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को सुविधाएं वंदे भारत ट्रेन जैसे मिलेगी। जानकारी के मुताबिक, स्लीपर का किराया करीब 1065 रुपये हो सकता है। हालांकि किराया, रूट और टाइमिंग को लेकर अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन जल्द ही रेलवे की ओर से इसकी जानकारी जारी की जाएगी। पटना से दिल्ली के बीच चलने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस का ठहराव करीब 12 प्रमुख स्टेशनों पर होगा।

इसमें आरा, बक्सर, डीडीयू, मिजार्पुर, प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल, इटावा सहित कुल 12 स्टेशन शामिल हैं। 16 जुलाई तक 22 कोच की रैक दानापुर रेल मंडल और दिल्ली को सौंप दिया जाएगा। इन कोच का रंग नारंगी और ग्रे होगा।

इस ट्रेन में यात्रियों को हर सीट पर चार्जिंग प्वाइंट की सुविधा रहेगी। यात्रियों की सुरक्षा के लिए सभी कोच में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा साफ-सुथरे और हाईटेक शौचालय की व्यवस्था रहेगी। यात्रियों को अहम जानकारी देने के लिए कोच में डिजिटल बोर्ड होंगे और बेहतर रोशनी की व्यवस्था भी होगी। इसके अलावा यह ट्रेन पूरी तरह से नई तकनीक से बनाई गई है और भारत की हाईटेक ट्रेनों में शामिल मानी जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जुलाई को बिहार दौरे पर राज्य को ट्रेनों और रेल परियोजनाओं की भी सौगात देंगे। इनमें दो नई ट्रेनों का परिचालन आरंभ, दोहरीकरण परियोजना का शिलान्यास और अवसंरचनात्मक विकास से जुड़ी अन्य परियोजनाएं हैं। प्रधानमंत्री मोतिहारी से वर्चुअल माध्यम से पटना से नई दिल्ली और दरभंगा-लखनऊ अमृत भारत को हरी झंडी दिखाएंगे।

इसके अलावा प्रधानमंत्री इस दिन पाटलिपुत्र कोचिंग कॉम्प्लेक्स में 283 करोड़ की वंदे भारत के रखरखाव स्थल का शिलान्यास भी करेंगे।

# सीएम नीतीश कुमार ने दी बिहार को बड़ी सौगात




**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न हो चुकी है। बैठक में 30 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी। सीएम नीतीश कुमार आज फिर से बिहार वासियों को बड़ी सौगात दी है। इसमें आगामी पांच साल ने एक करोड़ नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। मंगलवार को अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि राज्य सरकार अगले पांच साल में रोजगार सृजन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नई नौकरी रोजगार सृजन के लिए सभी संभावनाओं एवं विकल्प पर विचार करते हुए राज्य सरकार को परामर्श देने के लिए विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति गठित की जाएगी। इसमें 12 सदस्य होंगे। नौकरी या रोजगार से राज्य के युवाओं को आर्थिक संबल प्राप्त होंगे।

**पटना मेट्रो और दुर्घटना अनुदान के लिए स्वीकृति :** एसीएस एस सिद्धार्थ ने बताया कि पटना मेट्रो रेल परियोजना के अंतर्गत प्रायोरिटी कॉरिडोर के दो वर्ष आठ महीने की अवधि में रखरखाव कार्य के लिए सेवा कर रहित कुल अनुमानित व्यय 179.37 करोड़ नामांकन के आधार पर दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड को देने तथा प्रायोरिटी कार्यान्वयन के लिए तीन कार सिंगल ट्रेनसेट को किराए पर लेने के लिए तीन वर्ष की अवधि के लिए 21.1544 646 करोड़ अनुमोदन प्रदान की गई है। वहीं बिहार राज्य के निवासी एवं राज्य में निबंध नॉन कॉर्पोरेट करदाताओं की दुर्घटना मृत्यु होने पर अनुदान के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय लिया गया। बिहार व्यवसायी दुर्घटना मृत्यु अनुदान योजना को कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी है। इसके तहत करदाताओं की दुर्घटना मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को पांच लाख के अनुदान राशि दी जाएगी।

**बम निरोधक दस्ता के कर्मियों को जोखिम भत्त मिलेगा :** एसीएस एस सिद्धार्थ ने बताया कि बम निरोधक दस्ता के कर्मियों को मूल वेतन का 30% प्रतिशत जोखिम भत्ता दिया जाएगा। इसके लिए अधिकतम 25000 रुपये जाएंगे। वहीं बिहार न्यायिक सेवा के पदाधिकारी को एक-एक 2016 से राज्य कर्मियों के अनुरूप वार्षिक वेतन वृद्धि को मिली स्वीकृति।

### चार चिकित्सा पदाधिकारियों को बर्खास्त किया गया

वहीं स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत चार चिकित्सा पदाधिकारी पर कार्रवाई की गई है। इन चारों को बर्खास्त कर दिया गया है। एसीएस एस सिद्धार्थ ने बताया कि विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. चंदना कुमार, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कृतिका सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ निमिषा रानी और सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी को अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के आरोप में सरकारी सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

# हिमाचल : मानसून की दहाड़...टूटते-दरकते पहाड़ !

## भूस्खलन से 220 सड़कें बाधित, अब तक 105 लोगों की गई जान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कई भागों में झमाझम बारिश का दौर लगातार जारी है। बीते 24 घंटों के दौरान जुब्बड़हट्टी में 56.0, काहू 39.5, बिलासपुर 30.8, स्लापड़ 30.1, कसौली 28.0, धर्मपुर 24.2, कुफरी 23.0, बग्गी 22.8, मुरारी देवी 21.8, पच्छाद 19.1, करसोग 19.0, शिमला 18.8 व जोत में 17.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

वहीं शिमला के कसुम्पटी में देवदार का एक पेड़ भवन की छत पर गिर गया। इससे भवन की छत टूट गई है। हालांकि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। सूचना मिलने के बाद प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। रामनगर में सड़क किनारे खड़ी गाड़ी पर एक बड़ा पत्थर गिर गया। इससे गाड़ी का सामने वाला शीशा टूट गया।



**नालागढ़ में चिकनी खड्ड में फंसे दो कामगारों को सुरक्षित निकाला :** सोलन जिले के नालागढ़ के कंगनवाल के समीप चिकनी खड्ड में फंसे दो कामगारों को सुरक्षित बचा लिया गया। जानकारी के अनुसार दो कामगार बहादुर व सतनाम सिंह मंगलवार सुबह ड्यूटी पर जा रहे थे और अचानक चिकनी खड्ड में जलस्तर बढ़ गया। इससे दोनों बीच खड्ड में फंस गए। कामगारों ने शेर मचाया। इसके बाद गांव के लोग आए। अधिवक्ता विजय सिंह, अनिल कुमार व टेंक चंद खड्ड में उतरे और नजदीक जाकर रस्सी से दोनों कामगारों को बाहर निकाला। दोनों कामगार सुरक्षित बाहर आने से अपनी ड्यूटी पर चले गए।

**1235 कच्चे-पक्के मकान, दुकानें क्षतिग्रस्त :** इस मानसून सीजन में 20 जून से 14 अगस्त तक राज्य में बादल फटने, बाढ़, भूस्खलन सहित अन्य कारणों से 105 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। 184 लोग घायल हुए हैं। अभी भी 35 लोग लापता हैं। 44 लोगों की सड़क हादसे में मौत हुई है। मानसून सीजन में अब तक करीब 1235 कच्चे-पक्के मकानों, दुकानों को क्षति पहुंची है। 798 गोशालाएं भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। 953 पालतु पशुओं व 21,500 पोल्ट्री पक्षियों की मौत हुई है। नुकसान का कुल आंकड़ा 78,667.36 लाख रुपये पहुंच चुका है।

# आम की मिठास और 'कूटनीति' की चतुर चाल, भारत-बांग्लादेश के बीच घुलेगी मिठास

## बांग्लादेश के अंतरिम प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने भारत को 1000 किलो 'हरीबंगा' आम की भेजी सौगात

**भारत और बांग्लादेश के बीच मौजूदा कटुता के बीच, बांग्लादेश के अंतरिम प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने भारत को 1000 किलो 'हरीबंगा' आम भेजे हैं। यह 'आम डिप्लोमेसी' की पुरानी परंपरा का हिस्सा है। सवाल यह है कि क्या ये आम दोनों देशों के रिश्तों में जमी बर्फ पिघला पाएंगे?**

**नई दिल्ली।** 'आम के आम, गुठलियों के दाम', 'आम खाओ, पेड़ मत गिनो' यह कुछ प्रचलित कहावतें हैं, जो भारत के आम जनमानस में खासी प्रचलित हैं। भारत या कहें दक्षिण एशिया में आम केवल एक फल नहीं है, बल्कि कूटनीति (डिप्लोमेसी) का एक बड़ा साधन भी है। भारत हो, पाकिस्तान हो या फिर बांग्लादेश, यहां आम डिप्लोमेसी का बड़ा महत्व है। अपने देश की प्रसिद्ध आमों की किस्मों को प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति दूसरे देश के समक्ष नेताओं को भेजकर मित्रता का संदेश देते हैं। कुछ ऐसा ही काम अब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस ने किया है।

मो. यूनुस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारत के प्रमुख राजनयिकों और दूसरे अधिकारियों को 'हरीबंगा' आम, जो बांग्लादेश की प्रसिद्ध किस्म है, के हजार किलो आम भेजे हैं। इनदिनों दोनों देशों के बीच संबंधों में कटुता चल रही है। क्या मो. यूनुस के आम इस कटुता में मिठास में बदलने का काम करेंगे?




भारत में आम को फलों का राजा कहते हैं। दुनिया का 45 प्रतिशत आम भारत में पैदा होता है। हमारे यहां आम की दर्जनों किस्में होती हैं। आम की कुछ प्रजातियां पाकिस्तान और बांग्लादेश में भी पाई जाती हैं, जिनमें बांग्लादेश का 'हरीबंगा' आम प्रमुख है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है, जब मो. यूनुस ने भारत के साथ आम डिप्लोमेसी की हो। वो केंद्र सरकार के अलावा त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को आम भेज चुके हैं।

इधर, वर्ष 2023 में अपने निर्वासन से पहले बांग्लादेश की तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'हरीभंगा आम' भेजे थे। माना जाता है कि उन्होंने यह कदम उस समय तीस्ता नदी जल बंटवारे पर रुकी हुई बातचीत के दौरान मित्रता के भाव से उठाया था। वर्ष 2008 में पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. मनमोहन सिंह को आम भेजे थे, ताकि दोनों देशों के बीच दो पक्षीय संवाद को फिर से प्रारंभ किया जा सके। पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आम भेजकर मैत्रीपूर्ण संकेत दिया था।

पाकिस्तान के विदेश कार्यालय से भारत के पत्रकारों और नेताओं को अक्सर आम भेंट स्वरूप भेजे जाते रहे हैं। पाकिस्तान से ह्यअनवर रटोलह्न किस्म के आम अवश्य भेजे जाते हैं। रटोल उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले का एक कस्बा है। उसी के नाम पर यह किस्म है। इस किस्म की आम की पौध को बंटवारे के समय कुछ लोग पाकिस्तान ले गए थे।

भारत की ओर से भी आम डिप्लोमेसी अपनाई जाती रही है। पश्चिमी देशों में आम एक प्रचलित फल है। 1950 के दशक में भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत बनाने के लिए राजनयिक स्तर पर आम की पेटियां अमेरिकी नेताओं को भेंट स्वरूप दी जाती थीं। ऐसा कहा जाता है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. जवाहर लाल नेहरू अमेरिकी नेताओं को आम भेजते थे। हालांकि, इस बात के कोई आधिकारिक दस्तावेज या पुष्टि नहीं है।

वर्ष 1986 में तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने फिलीपींस की पूर्व राष्ट्रपति कोराजोन एक्विनो को अपनी सरकारी यात्रा के दौरान आम उपहार स्वरूप दिए थे। तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. मनमोहन सिंह के समय पाकिस्तान के नेताओं को सिंधरी और चौसा किस्म के आम भेजे गए थे। वर्ष 2021 में जब कोरोना काल चल रहा था, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश, अफगानिस्तान, भूटान, श्रीलंका और मालदीव को दशहरी, लंगड़ा, चौसा जैसी किस्मों के आम भेजे थे। आम भेजने के पीछे उनका संदेश यही था कि भले ही सीमाएं बंद हों, लेकिन दिलों की दूरी नहीं होनी चाहिए।

अब देखना यह है कि मो. यूनुस के आम क्या भारत-बांग्लादेश के बीच जम चुकी बर्फ को पिघलने का काम करेंगे, क्योंकि भारत की ओर से बांग्लादेश को लेकर सख्ती बरती जा रही है। व्यापार समेत कई पाबंदियां लगाई गई हैं। भारतीय क्रिकेट टीम का बांग्लादेश दौरा पिछले दिनों रद्द कर दिया गया था।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। बुधवार 16 जुलाई -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# डीएम, एडिशनल सीपी, डीसीपी और एडीसीपी ट्रैफिक ने गंग नहर और कांवड़ मार्ग का किया निरीक्षण

## वन-वे के बाद भी लग रहा है मुख्य कांवड़ मार्ग पर जाम, बड़ी संख्या में लगाए जा रहे हैं पोल बैरियर

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस- प्रशासन के अधिकारी सोमवार को भीषण जाम लगने के बाद मंगलवार को अलर्ट मोड पर आए। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी के साथ गंग नहर, कांवड़ मार्ग और मेरठ से आने वाले कांवड़ियों के रास्ते का हाल जाना। तो डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी, एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने भी कांवड़ मार्ग का दौरा कर पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। वहीं कांवड़ मार्ग पर स्कूलों की छुट्टी और सुबह ड्यूटी अवर्स के दौरान जाम की स्थिति को कंट्रोल में करने के लिए वन-वे मार्ग पर पोल बैरियर लगाए गए हैं ताकि अलग-अलग दिशा में वाहन आ जा सकें, लेकिन भीड़ बढ़ने की वजह से यह व्यवस्था फेल होती हुई नजर आ रही है। सोमवार की तरह मंगलवार को भी दोपहर, शाम और देर रात तक कांवड़ मुख्य मार्गों पर लंबा जाम लग गया। तो आने जाने वाले लोकल लोगों के साथ ही नेशनल हाईवे से सफर करने वालों को भी परेशानी उठानी पड़ी।

**कांवड़ यात्रा के चलते आमजन को रोजाना होना पड़ रहा है परेशान**



जायजा



जाम





जोश



### गंग नहर घाट और कांवड़ तैयारी का जिलाधिकारी और एडिशनल सीपी ने लिया जायजा



करंट क्राइम : जिलाधिकारी दीपक मीणा, एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शनी, डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी, एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद पुलिस बाल के साथ मुरादनगर गंग नहर पहुंचे। यहां उन्होंने गंग नहर में जल पुलिस से मुलाकात की तो प्रशासन द्वारा लगाए गए कांवड़ स्वास्थ्य कैंप और शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान घाटों की सफाई और मार्ग पर गंदगी को लेकर जिलाधिकारी ने इसे सुधारने का निर्देश दिया है। तो वहीं एडिशनल सीपी और जिलाधिकारी ने कांवड़ मार्ग का वाहनों के साथ निरीक्षण करते हुए बैरिकेडिंग, सफाई व्यवस्था और प्रकाश व्यवस्था का जायाजा भी लिया।

### वन-वे पर आईं स्कूल बसें मार्ग पर लगा लंबा जाम, जनता रही परेशान



करंट क्राइम : कांवड़ यात्रा है, तो मार्ग पर वाहनों का अतिरिक्त दबाव आने से जाम वाली स्थिति बन गई है। मंगलवार को वन-वे किए जाने के बावजूद स्कूलों की छुट्टी के वक्त सड़क पर लंबी-लंबी बसें नजर आईं और जाम वाली स्थिति देखी गई। तो वहीं गर्मी और बारिश का जो मौसम अदला बदली वाला चल रहा है ऐसे में लोगों को काफी परेशान होना पड़ा। जाम की वजह से लोगों को अपने गंतव्य में पहुंचने में देरी भी हुई। कांवड़ यात्रा मार्ग को लेकर सोमवार को जहां ट्रैफिक पुलिस द्वारा वन-वे कर दिया गया था, तो मंगलवार को वन-वे के बावजूद भी कई स्थानों पर जाम लगा है। दोपहर में स्कूलों की छुट्टी होने के बाद मार्ग पर लंबी-लंबी बसें आ गई और फिर यातायात थम गया।

### कांवड़ मार्ग पर नगर निगम ने लगा दिए स्वागत वाले बोर्ड




करंट क्राइम : हरिद्वार, गंगोत्री और नीलकंठ महादेव से गंगाजल लेकर लौट रहे शिव भक्तों के स्वागत के लिए गाजियाबाद नगर निगम ने भी तैयारी शुरू कर दी है। मंगलवार को खुद महापौर सुनीता दयाल सड़क पर उतरीं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तो नगर निगम प्रशासन की ओर से जगह-जगह शिव भक्तों के स्वागत वाले बोर्ड लगाए गए हैं। इसमें भगवान भोले बाबा के चित्र प्रदर्शित किए गए हैं। तो इसी बोर्ड पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, महापौर सुनीता दयाल व नगर निगम की ओर से आने वाले शिव भक्तों का स्वागत किया जा रहा है। ऐसे कांवड़ मार्ग पर बड़ी संख्या में बोर्ड लगाए गए हैं। तो पूरे मार्ग पर जहां यह बोर्ड लगाए गए हैं वहां बड़ी लाइटिंग भी लगाने का काम तेज कर दिया गया है।

### एडीसीपी ट्रैफिक ने लगवाए वन-वे पर बैरियर और पोल



करंट क्राइम : यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए वन-वे किया गया है। तो जिस मार्ग पर वाहन चल रहे हैं, वहां ट्रैफिक पुलिस द्वारा जगह-जगह पोल बैरियर लगाए जा रहे हैं। तो रस्सी और बेरीकेडिंग कर सड़क को दो हिस्सों में बांटा जा रहा है ताकि एक मार्ग पर आने वाले और दूसरी पर लौटने वाले वाहन चल सकें लेकिन वाहनों का दबाव बढ़ाने की वजह से पीक अवर्स और स्कूलों की छुट्टी के समय जाम वाली स्थिति हो गई। हालांकि मंगलवार से इस मार्ग पर यातायात पुलिस कर्मियों की ड्यूटी बढ़ा दी गई है, इसके बावजूद भी ट्रैफिक कंट्रोल होता नजर नहीं आया।

### कांवड़ मार्ग पर बढ़ गई है शिव भक्तों की भीड़, भगवा हो गया है नजारा



करंट क्राइम : राजस्थान, हरियाणा और पंजाब व दिल्ली की ओर जाने वाले कांवड़िए मेरठ, हरिद्वार कांवड़ मार्ग पर तेजी से अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। दोपहर में मौसम ठीक होने पर कांवड़ियों की भीड़ नजर आ रही है। तो पूरे मुख्य कांवड़ मार्ग पर भगवा झंडे और शिव भक्त नजर आ रहे हैं। उधर कांवड़िए यह बता रहे हैं कि मेरठ तक बड़ी संख्या में शिव भक्त जमा हो गए हैं। आने वाले दो से तीन दिनों में गाजियाबाद की ओर रूख करेंगे। इसके बाद मेरठ रोड और दिल्ली की ओर कांवड़ियों की संख्या अधिक नजर आनी शुरू हो जाएगी।








### शांतिपूर्वक कांवड़ यात्रा संपन्न कराने के लिए पुलिसकर्मी रहें अलर्ट : एडिशनल सीपी



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड एडिशनल के निर्देश पर एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी मंगलवार को कांवड़ मार्ग एवं गंग नहर के लिए निरीक्षण पर गए। वहां से लौटते हुए वह गंग नहर चौकी पर रुके और यहां जिलाधिकारी, डीसीपी ग्रामीण और एडीसीपी ट्रैफिक से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा है की कांवड़ मार्ग पर ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह तत्परता के साथ ड्यूटी करें। ड्यूटी के दौरान किसी प्रकार की समस्या आने पर सीधे कंट्रोल रूम को सूचना दें। किसी भी शिव भक्ति एवं आम जनता के साथ गलत व्यवहार ना किया जाए। शांतिपूर्वक कांवड़ यात्रा सफल करवाना ही पुलिसकर्मियों का उद्देश्य रहना चाहिए।

### मेरठ-दिल्ली मार्ग पर बंद कर दिए गए सभी अवैध कट, बैरिकेडिंग के साथ खाकी भी तैनात



करंट क्राइम : मोदीनगर से लेकर मेरठ रोड तक आने वाले मार्ग पर जितने भी अवैध कट हैं उनको बंद कर दिया गया है। इन प्रत्येक कट पर नगर निगम और यातायात पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग की गई है। इसके साथ ही जो छोटे कट हैं वहां बल्लियां लगाकर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है ताकि बिल्लियों के नीचे से पैदल लोग ना निकल सके और कोई भी वाहन चालक कांवड़ियों के मार्ग पर अपना वाहन लेकर प्रवेश न कर पाए। इसके लिए हर 800 मीटर की दूरी पर पुलिस कर्मियों की तैनाती के साथ ही बीट पुलिस अफसर और बीट कांस्टेबल को तैनात किया गया है।

### कांवड़ यात्रा कंट्रोल करने के लिए ट्रैफिक मोबाइल टीम और 82 उप निरीक्षक संभालेंगे कमान



गाजियाबाद, करंट क्राइम : कांवड़ मार्गों पर यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने और जाम से जनता को ज्यादा परेशान ना होना पड़े इसके लिए नया प्लान बनाया गया है। जिसके तहत अब पांच ट्रैफिक मोबाइल टीमें और प्रत्येक 5 किलोमीटर की दूरी पर उनको तैनात किया जाएगा। इसके साथ ही एडीसीपी ट्रैफिक ने बताया है कि जहां अधिक जाम लगता है और कांवड़ियों का दबाव है, इन स्थानों पर यातायात पुलिस के 18 उप निरीक्षक, 22 मुख्य आरक्षी, 18 आरक्षी और नागरिक पुलिस बल के पांच इंस्पेक्टर, 82 सब इंस्पेक्टर, 71 हेड कांस्टेबल, 32 कांस्टेबलों को अतिरिक्त रूप से लगाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने का काम किया गया है क्योंकि आने वाले दिनों में कांवड़ मार्ग पर शिव भक्तों की संख्या बढ़ेगी और ऐसे में ट्रैफिक कंट्रोल को लेकर बड़ा प्लान बनाया गया है।

### मुख्य कांवड़ कंट्रोल रूम पूरी तरह हो गया है अपग्रेट



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सिटी जोन के अंतर्गत मेरठ रोड तिराहे पर बनाया गया मुख्य कांवड़ कंट्रोल रूम पूरी तरीके से अपग्रेट हो गया है। साथ ही यहां बड़ी स्क्रीन पर पुलिस इंस्पेक्टर, उप निरीक्षक और पुलिसकर्मी मॉनिटरिंग कर रहे है। अलग-अलग स्क्रीन और सीसीटीवी की फुटेज पर निगरानी रखी जा रही है। इसके साथ ही यहां राउंड द क्लॉक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है। डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल का कहना है कि कैमरों के जरिए हर गतिविधि पर कांवड़ मार्ग की पूरी निगरानी रखी जा रही है।

### स्कूलों की छुट्टी को लेकर सस्पेंस बरकरार

करंट क्राइम : लगातार शिव भक्तों की मार्ग पर संख्या बढ़ रही है। इसके बावजूद अभी तक जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की ओर से स्कूलों को बंद करने को लेकर कोई लिखित आदेश जारी नहीं किया गया है। हालांकि मंगलवार को कई सोशल मीडिया वेबसाइट और ग्रुपों पर स्कूल बंद करने का संदेश वायरल हो रहा था लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों को कहना है कि अभी लिखित में इस तरीके का कोई आदेश निर्देश जरूर जारी नहीं किया गया है। वही बता दें कि मेरठ जिलाधिकारी ने 16 जुलाई से कावड़ यात्रा के मद्देनजर सभी स्कूल, कॉलेज एवं शिक्षण संस्थान बंद करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। कहा जा रहा है कि आगामी एक से दो दिनों में गाजियाबाद प्रशासन भी इस ओर कदम उठा सकता है।

## संपादकीय

# आईबीसी में सुधार जरूरी

वित्तीय मामलों की संसद की स्थायी समिति ने गत सप्ताह एक बैठक में ऋण शोधन अक्षमता एवं दिवाला संहिता यानी आईबीसी के अधीन मामलों का समाधान तेज करने के लिए एक समर्पित राष्ट्रीय कंपनी विधि पंचाट (एनसीएलटी) और राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील पंचाट (एनसीएलएटी) स्थापित करने की संभावना पर चर्चा की। अब जबकि उम्मीद है कि सरकार आगामी मॉनसून सत्र में इस संहिता में संशोधन प्रस्तुत करेगी, बेहतर होगा कि समिति अपने इस निर्णय को आगे ले जाए और उपयुक्त अनुशंसाएं करे। आईबीसी का क्रियान्वयन हाल के दशकों के सबसे महत्त्वपूर्ण सुधारों में से एक माना गया। भारत जैसी विशाल बाजार अर्थव्यवस्था के लिए यह महत्त्वपूर्ण है कि संहिता वांछित ढंग से काम करे और कंपनियों को बाहर निकलने का समयबद्ध और सहज रास्ता प्रदान करे। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ। मोटे तौर पर यह इसलिए हुआ क्योंकि समाधान प्रक्रिया में देरी हुई। सर्वोच्च न्यायालय ने भूषण पावर और स्टील मामले में दिए गए अपने निर्णय में समाधान योजना को पलट दिया जिससे जटिलता और बढ़ गई है और इसका भी रास्ता निकालना होगा। एनसीएलटी की स्थापना कंपनी विधि के प्रशासन के लिए की गई थी और अब इसके पास आईबीसी के मामलों पर फैसला करने की अतिरिक्त जिम्मेदारी है। लेकिन उसकी क्षमता में कोई खास इजाफा नहीं किया गया है। ऐसे में आईबीसी के मामलों में देरी से किसी को चकित नहीं होना चाहिए। हालांकि अब यानी आठ वर्ष के अनुभव के बाद सरकार को कमियों को दूर करना चाहिए। देरी को हल करने का एक तरीका तो यह है कि स्थायी समिति की चर्चा के मुताबिक एक समर्पित एनसीएलटी तथा एक अपील पंचाट की स्थापना की जाए। दूसरा और कहीं अधिक सीधा तरीका है किएनसीएलटी और एनसीएएलटी की क्षमता में तत्काल इजाफा किया जाए।

सरकार को प्रक्रिया में देरी की अन्य वजहों पर भी ध्यान देना चाहिए। आईबीसी का इरादा ऋण शोधन को जल्द से जल्द हल करने का है और इसके लिए अधिकतम 330 दिन की अवधि तय की गई है। यद्यपि भारतीय दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता बोर्ड के नवीनतम तिमाही न्यूजलेटर से पता चलता है कि मार्च 2025 तक समाधान प्रस्तुत करने वाली 1,194 कॉरपोरेट ऋणशोधन प्रक्रियाओं में औसतन 597 दिन लगे। इसके अलावा परिसमापन यानी नकदीकृत होने वाली 2,758 ऐसी प्रक्रियाओं में औसतन 508 दिन लगे।

देरी को कम करने की आवश्यकता है लेकिन यह भी सही है कि आईबीसी ने देश की बैंकिंग व्यवस्था और ऋण संस्कृति पर सकारात्मक असर डाला है। मार्च 2025 तक कुल 8,308 मामले स्वीकृत हुए और 6,382 बंद हुए। लगभग जिन 1,200 मामलों में समाधान योजना पेश की गई उनमें कर्जदाताओं ने करीब 33 फीसदी स्वीकृत दावों की रिकवरी कर ली। यह मोटे तौर पर नकदीकृत मूल्य के 170 प्रतिशत के बराबर थी।

## सुप्रीम कोर्ट का नियामक को निर्देश

# पैकेटबंद खाद्य पदार्थों के अगले हिस्से में पोषण लेबल हो अनिवार्य



### देवड़ा ने ए-टू-डी न्यूट्री-ग्रेड प्रणाली की सिफारीश की

देवड़ा ने लिखा कि मैंने सिंगापुर की स्पष्ट ए-टू-डी न्यूट्री-ग्रेड प्रणाली का अध्ययन करने की सिफारिश की है। देवड़ा की पोस्ट के अनुसार इस कदम से एफएसएसआई को बिना किसी देरी के अनुपालन करने और भारतीय उपभोक्ताओं को स्वस्थ विकल्प चुनने के लिए सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। इससे देश में बढ़ते मोटापे के संकट को रोका जा सकेगा। ए-टू-डी न्यूट्री-ग्रेड प्रणाली खाद्य पदार्थों में, एक ग्रेडिंग प्रणाली है जो खाद्य पदार्थों को उनके पोषण मूल्य के आधार पर वगीर्कृत करती है। यह प्रणाली खाद्य पदार्थों को अ (सबसे अच्छा) से ऊ( सबसे खराब) तक के ग्रेड में विभाजित करती है।

**नई दिल्ली।** भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने एफएसएसएआई को पैकेज्ड फूड पर फ्रंट-ऑफ-पैक पोषण लेबल को लागू करने का निर्देश दिया है। एफओपी पोषण लेबल उपभोक्ताओं को यह समझने में मदद करती है कि कोई उत्पाद कितना स्वस्थ है। शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी।

सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण को पैक्ड खाद्य पदार्थों पर फ्रंट-ऑफ-पैक न्यूट्रिशन लेबल लागू करने का निर्देश दिया है। शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा, जो संसद की अधीनस्थ विधायी समिति के अध्यक्ष भी हैं, ने यह जानकारी सोशल मीडिया एक्स पर साझा की। एफएसएसएआई और एफओपी क्या है स्वास्थ्य मंत्रालय का प्रस्ताव केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने हाल ही में विभिन्न स्थानों पर स्वस्थ आहार संबंधी आदतों को बढ़ावा देने के लिए चीनी और तेल बोर्ड बनाने का प्रस्ताव दिया है। मंत्रालय के प्रस्ताव के अनुसार, ये बोर्ड स्कूलों, दफ्तरों और सार्वजनिक संस्थानों में दृश्यात्मक व्यवहारिक संकेतों के रूप में काम करेंगे। इन पर रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों में छिपे वसा और शक्कर की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदर्शित की जाएगी।

# भारत के युवाओं में वैश्विक अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनने की क्षमता



**नई दिल्ली।** वैश्विक श्रम बाजार में बदलाव के बीच भारत रोजगार का केंद्र बन सकता है। क्रिसिल इंटेलिजेंस की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार कई देशों में वृद्ध होती आबादी के कारण अर्थव्यवस्थाओं में कुशल श्रमिकों की मांग बढ़ रही है और व्यवसाय डिजिटीलकरण को अपना रहे हैं।

### उभरती अर्थव्यवस्थाओं के पास सुनहरा अवसर

दूसरी तरफ, निम्न और मध्यम आय वाले देशों में जनसांख्यिकीय विस्तार हो रहा है। वहां कार्यबल में शामिल होने वाले युवाओं की संख्या बढ़ रही है। अंतरराष्ट्रीय कोष मुद्रा के विश्व आर्थिक परिदृश्य के अनुसार, 2050 तक इन देशों से वैश्विक कार्यबल में लगभग दो-तिहाई योगदान मिलने की उम्मीद है।

### भारत की 65 प्रतिशत आबादी की उम्र 35 वर्ष से कम

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत की 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है, जिससे देश को वैश्विक कौशल संकट को दूर करने का एक विशेष अवसर मिला है। भारत न केवल अतिरिक्त श्रमबल उपलब्ध करा सकता है, बल्कि उच्च आय वाले देशों में प्रतिभा की कमी को भी पूरा कर सकता है।

### विरोधाभास से गुजर रहा वैश्विक श्रम बाजार

इसमें कहा गया कि वैश्विक श्रम बाजार विरोधाभासी स्थिति से गुजर रहा है। जहां कुछ देशों में बेरोजगारी बढ़ रही है, वहीं दुनिया भर में कई नियोक्ताओं को कुशल श्रमिकों को खोजने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस विरोधाभास का मुख्य कारण तेजी से बढ़ता जनसांख्यिकीय अंतर है। उच्च आय वाले देशों में जन्म दर में लगातार गिरावट और जीवन प्रत्याशा में वृद्धि के कारण जनसंख्या तेजी से वृद्ध हो रही है। इसके परिणामस्वरूप कार्यशील जनसंख्या में वृद्ध लोगों का निर्भरता अनुपात बहुत अधिक हो गया है।

# गिरावट के बाद हरे निशान पर बंद हुआ बाजार सेंसेक्स 317 अंक चढ़ा, निफ्टी 25100 के पार

**नई दिल्ली।** 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 317.45 अंक उछलकर 82,570.91 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 113.50 अंक की बढ़त के साथ 25,195.80 पर बंद हुआ। चार दिनों की गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को हरे निशान पर बंद होने में सफल रहा। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन बीएसई सेंसेक्स में 317 अंक की बढ़त दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 317.45 अंक या 0.39 प्रतिशत उछलकर 82,570.91 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 113.50 अंक या 0.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,195.80 पर आ गया।



# पीएम ईएसी के अध्यक्ष बोले: वैश्विक तनाव, व्यापार अनिश्चितताओं के बावजूद एफवाई 2026 में वृद्धि दर 6.5% रहेगी

**नई दिल्ली।** भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार नीति अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के अध्यक्ष एस महेंद्र देव ने मंगलवार को दावा किया। एक साक्षात्कार में देव ने आगे कहा कि घरेलू विकास को कम मुद्रास्फीति से गति मिलेगी, जो अच्छे मानसून और सौम्य ब्याज दर व्यवस्था के कारण होगी, जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा लगातार तीन बार ब्याज दरों में कटौती से प्रेरित है। उन्होंने कहा, भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार नीति अनिश्चितताओं के दोहरे झटके जैसी महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियां हैं। प्रख्यात अर्थशास्त्री ने कहा, हालांकि, भारतीय अर्थव्यवस्था लचीली है और बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश बनी हुई है। देव के अनुसार, 2025-26 के पहले दो महीनों के लिए उच्च आवृत्ति संकेतक घरेलू अर्थव्यवस्था के लचीले प्रदर्शन का संकेत देते हैं। उन्होंने कहा, वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद वित्त वर्ष 2026 में 6.5 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर संभव है। सुदृढ़ राजकोषीय प्रबंधन के साथ भारत की मध्यम अवधि की विकास संभावनाएं मजबूत प्रतीत होती हैं। देव ने इस बात पर भी जोर दिया कि बढ़ते सरकारी पूंजीगत व्यय का निजी उपभोग में स्वस्थ वृद्धि के साथ विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।



## रोचक तथ्यों का करंट

- इंद्रधनुष रंगावली का क्रम लाल, नारंगी, पीला, हरा, नीला, नीलिगो, बैंगनी है।
- इंद्रधनुष न केवल बारिश में देखा जा सकता है बल्कि धुंध, स्प्रे, कोहरे और ओस में भी देखा जा सकता है, जब भी हवा में पानी गिरता है और दाएं कोण पर पीछे से चमकता हुआ प्रकाश होता है।
- अधिकांश इंद्रधनुष प्राथमिक इंद्रधनुष होते हैं, बाहरी किनारे पर लाल और भीतरी किनारे पर बैंगनी।
- यदि एक डबल इंद्रधनुष है तो दुसरे वाले के रंग प्राथमिक या पहली इंद्रधनुष के विपरीत क्रम में होते हैं।
- एक चंद्र इंद्रधनुष या चंद्रधनुष देखने के लिए, चंद्रमा केवल पूर्ण ही नहीं होना चाहिए, बल्कि यह सूर्योदय से 2 से 3 घंटे के भीतर आकाश में 42 डिग्री से भी कम होना चाहिए, और निश्चित रूप से, बारिश बिल्कुल उस सटीक पल पर चंद्रमा के विपरीत होनी चाहिए।
- बहुत ही दुर्लभ अवसरों पर एक तीसरा और चौथा इंद्रधनुष भी हो सकता है।
- कुछ इंद्रधनुष में केवल एक रंग होता है और इसे 'मोनोक्रोम इंद्रधनुष' कहा जाता है।

## राशिफल

**मेष :** स्वास्थ्य संबंधी मामलों को छोड़कर आज का दिन आपके लिए भाग्यशाली है। आपकी मां और आपके बच्चों का स्वास्थ्य भी आपको थोड़ा परेशान कर सकता है।

**वृष :** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। ऑफिस में कुछ दोस्तों की मदद से आपका प्रोजेक्ट पूरा होगा।

**मिथुन :** आज का दिन दैनिक कार्यों में व्यतीत होगा. परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। कोई आवश्यक वस्तु गायब हो सकती है।

**कर्क :** आज के दिन रोजमर्रा के कामों में मन नहीं लगेगा. कुछ बातें जो दिमाग में आती हैं, वे आपको दुखी कर सकती हैं। भावनाओं और क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह :** आप किसी महत्वाकांक्षी योजना में प्रवेश कर सकते हैं। यदि आप साझेदारी या संघ में प्रवेश करना चाहते हैं, तो सकारात्मक विकास संभव है।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। रास्ते में किसी करीबी से मुलाकात हो सकती है। किसी दोस्त से मुलाकात से आप पूरा दिन खुश रहेंगे।

**तुला :** आज का दिन आप काल्पनिक दुनिया में बिताएंगे। रचनात्मक शक्ति को भी उचित दिशा मिलेगी। खर्चे की चिंता से मन बेचैन रह सकता है।

**वृश्चिक :** आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। काम का तनाव बढ़ सकता है। पुराने मुद्दे मत उठाओ। प्यार दिखाने में संकोच न करें। वाहन चलाते समय सावधानी जरूरी है।

**धनु :** आज आपको अति आशावादी नहीं होना चाहिए और बहुत सतर्क रहने की कोशिश करनी चाहिए। धन की रुकावट के कारण परिवार में असंतोष हो सकता है।

**मकर :** आज आपका दिन ठीक रहेगा. परिवार में सुख-शांति का माहौल रहेगा। आप अपने सहपाठियों के साथ कहीं बाहर जाने की योजना बना सकते हैं।

**कुंभ :** आज परिवार और दोस्तों के साथ खाने-पीने का आयोजन होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। धैर्य की कमी रहेगी। बातचीत में संयमित रहें।

**मीन :** व्यापार में थोड़ा लाभ होगा। स्थानान्तरण की स्थिति हो सकती है या आपको ऐसी खबर भी मिल सकती है। नौकरी और व्यापार में पैसों के मामले उलझ सकते हैं।

## चुटकुले

भारत में लोग हेलमेट नहीं पहनेंगे, पर
फोन कवर और स्क्रीन गार्ड जरूर लगाएगे
अपना चाहे सर फूट जाये पर मोबाइल को कुछ नहीं
होना चाहिए।

---

टीचर पप्पू से- तुम्हारे पिताजी क्या करते हैं?
पप्पू- जी वो गालियां खाने का काम करते है
टीचर- क्या मतलब?
पप्पू- जी वो कस्टमर केयर एक्ज्यूकेटिव हैं।

---

संता- कल रात पता नहीं हमारे पड़ोसी
को क्या हुआ,
आधी रात को आकर हमारा दरवाजा
पीटने लगा।
बंता- अच्छा फिर आपने क्या किया?
संता- मैंने क्या करना था,
मैं भी मस्ती से तबला बजाता रहा

## 16 07 2025 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन


कैटरीना कैफ (अभिनेत्री)


आकांक्षा


प्रेरणा वर्मा


सच्चिदानंद राय


अख्तर आबिद खान


राजवीर सिंह यादव


सुमित चौधरी


वीरेन्द्र यादव


शमी कसाना


सुनील बघेल


सुभाष चंद गौतम



वरूण कुमार


विनय राठी


वीरेन्द्र सिंह


सुनील शर्मा


हर्षित गोयल


रोहित रूहेला


अंकित शर्मा


राधे कृष्ण त्यागी


मुरारी गौतम


लोकेश कुमार


प्रमोद गुप्ता


पंडित राघव


एड. इमरान


बिट्टू कुमार


धनीराम


इमरान इलाही


प्रदीप शर्मा


अनूप कुमार


ऋषभ राणा


राजेश शर्मा


अंकित कुमार


ओमकार सिंह


मुकेश गुप्ता


राकेश त्यागी


बब्लू यादव विरेन्द्र
विकास मिश्रा

**सूचना :** आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# जडेजा चौथी पारी में सर्वाधिक गेंदे खेलने वाले दूसरे बल्लेबाज, तीसरी बार बुमराह ने खेली 50+ गेंदें

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड ने भारत को तीसरे टेस्ट में 22 रन से हरा दिया। सोमवार को तीसरे सत्र में लॉर्ड्स टेस्ट का नतीजा निकला, जिसमें इंग्लैंड ने जीत का स्वाद चखा। इस मुकाबले में भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने लगभग छह घंटे तक बल्लेबाजी की, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। इस दौरान उन्हें जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज का साथ मिला।





## चौथी पारी में सर्वाधिक गेंदें खेलने वाले दूसरे भारतीय

36 वर्षीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने भारत की दूसरी पारी में 181 गेंदों का सामना किया और 61 रन बनाकर नाबाद रहे। इसी के साथ जडेजा ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह लॉर्ड्स में चौथी पारी में सबसे गेंदें खेलने वाले दूसरे भारतीय बन गए। इस मामले में उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को पीछे छोड़ दिया। धोनी ने साल 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ इस मैदान पर चौथी पारी में 159 गेंदें खेली थीं। इस मामले में शीर्ष पर अजीत अगरकर हैं, जिन्होंने 2002 में 190 गेंदें खेली थीं।

## बुमराह भी नहीं रहे पीछे

यूं तो बुमराह तेज गेंदबाज हैं, लेकिन जरूरत पड़ने पर वह बल्लेबाजी के जरिये भी योगदान देते हैं। ऐसा ही कुछ उन्होंने भारत की दूसरी पारी में सोमवार को किया। नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे बुमराह ने विकेट पर 1:30 घंटे से अधिक समय बिताया। इस दौरान उन्होंने जडेजा के साथ 132 गेंदों में 35 रनों की साझेदारी की। इस दौरान अनुभवी खिलाड़ी ने कुल 54 गेंदों का सामना किया। लॉर्ड्स में बुमराह ने दूसरी पारी 50 से ज्यादा गेंदें खेलीं। इससे पहले उन्होंने 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ एक पारी में 64 गेंदें खेली थीं। वहीं, तीसरी बार ऐसा हुआ है जब बुमराह ने एक पारी में 50 से ज्यादा गेंदें खेली हैं। इससे पहले 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ ही उन्होंने धर्मशाला टेस्ट में 64 गेंदों का सामना किया था।

दूसरे दिन का खेल 58/4 के स्कोर से शुरू हुआ। पहले सत्र में टीम ने तीन विकेट गंवाए। लंच से पहले भारत ने ऋषभ पंत (9 रन), केएल राहुल (39 रन) के विकेट गंवाए। इसके बाद वॉशिंगटन सुंदर खाता नहीं खोल सके। फिर नीतीश (13) भी पवेलियन लौटे। तीसरे टेस्ट का नतीजा तीसरे सत्र में आया। एक वक्त लग रहा था कि दूसरे सत्र के खत्म होने तक इस मैच का नतीजा निकल आएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। दूसरे सत्र की शुरूआत रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह की साझेदारी से हुई। उस वक्त जडेजा 17 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे और भारत को जीत के लिए 81 रनों की जरूरत थी। करीब 1:30 घंटे तक क्रीज पर डटे रहने के बाद बुमराह आउट हुए। उन्हें बेन स्टोक्स ने अपना शिकार बनाया। उन्होंने बुमराह को सैमुअल कुक के हाथों कैच कराया। नौवें विकेट के लिए बुमराह ने जडेजा के साथ 132 गेंदों में 35 रन जोड़े।

### 170 के स्कोर पर सिमटी भारतीय पारी

भारत की दूसरी पारी झटके के साथ शुरू हुई। कुल पांच के स्कोर पर जोफ्रा आर्चर ने यशस्वी जायसवाल को विकेट के पीछ जेमी स्मिथ के हाथों कैच कराया। वह खाता खोले बिना आउट हुए। इसके बाद मोर्चा केएल राहुल और करुण नायर ने संभालने की कोशिश की। दोनों ने कुछ अच्छे शॉट्स खेले और दूसरे विकेट के लिए 66 गेंदों में 36 रन जोड़े। ब्रायडन कार्स ने इस साझेदारी को तोड़ दिया। उन्होंने नायर को एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह 33 गेंदों में एक चौके की मदद से 14 रन बनाकर पवेलियन लौटे। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए कप्तान शुभमन गिल पहली पारी के बाद दूसरी पारी में भी कुछ बड़ा कारनामा करने से नाकाम रहे। उन्हें भी कार्स ने ही एलबीडब्ल्यू आउट किया। इसके बाद बेन स्टोक्स ने नाइट वॉचमैन के तौर पर आए आकाश दीप को बोल्ड कर दिया। वह 11 गेंदों में सिर्फ एक रन बना पाए।

बुमराह के बाद जडेजा को सिराज का साथ मिला। दोनों ने आखिरी विकेट के लिए 80 गेंदों में 23 रन जोड़े। सिराज का विकेट गिरते ही भारत की जीत की उम्मीदें समाप्त हो गईं। इंग्लैंड के स्पिनर शोएब बशीर ने 75वें ओवर की पांचवीं गेंद ऑफ ब्रेक डाली, जिसे सिराज ने डिफेंड किया। लेकिन गेंद पिच पर गिरने के बाद बैक स्पिन हुई और स्टंप्स से जाकर टकरा गई। इस तरह आउट होने के बाद सिराज भावुक हो गए और मैदान पर अफसोस जताते नजर आए। वह चार रन बना पाए जबकि जडेजा 181 गेंदों में 61 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने 150 गेंदों में अपने टेस्ट करियर का 25वां अर्धशतक पूरा किया। इंग्लैंड के लिए दूसरी पारी में जोफ्रा आर्चर और बेन स्टोक्स ने तीन-तीन विकेट लिए जबकि ब्रायडन कार्स को दो सफलता मिलीं। वहीं, क्रिस वोक्स और शोएब बशीर ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।

# जिला स्तरीय खेल महोत्सव: स्टेडियम की टीम बनी हॉकी की विजेता, खिलाड़ियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**अलीगढ़।** अलीगढ़ के महारानी अहिल्याबाई होल्कर स्पोर्ट्स स्टेडियम में 14 जुलाई को जिला स्तरीय खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें भारोत्तोलन, हॉकी एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं हुईं। नवाब सिंह चौहान ग्रामोदय इंटर कॉलेज को 3-1 से हराकर स्टेडियम की टीम हॉकी की विजेता बनी।



खेल महोत्सव में जिले भर से विभिन्न विद्यालयों एवं खेल संस्थानों के प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला स्तरीय जूनियर बालक वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता में स्टेडियम, विनीत इंटर कॉलेज, एसकेडी इंटर कॉलेज, नेशनल पब्लिक स्कूल, ईरम पब्लिक स्कूल, जीवनगढ़ और नवाब सिंह चौहान ग्रामोदय इंटर कॉलेज की टीम ने हिस्सा लिया। फाइनल में स्टेडियम अलीगढ़ की टीम ने नवाब सिंह चौहान ग्रामोदय इंटर कॉलेज की टीम को हरा दिया। निर्णायक दलवीर सिंह, वंदना सिंह, संगीत सिंह, शैलेश यादव, हॉकी कोच लोकेश कांत और मुनेश कुमार रहे। भारोत्तोलन बालक वर्ग के 49 किलो ग्राम वर्ग में शीतू प्रथम, गौतम द्वितीय व मनीष तृतीय रहे। 55 किलो ग्राम वर्ग में हिमांशु सिंह, सूरज व लोकेश बघेल क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। 61 किलो ग्राम वर्ग में हरीश कुमार, नकुल व राम किशन, 67 किलो ग्राम वर्ग में रवि शंकर, रंजीत सिंह व नैतिक चौरसिया पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। 73 किलो ग्राम वर्ग में आकाश पुंडीर प्रथम व मनोज कुमार तृतीय रहे। 81 किलो ग्राम वर्ग में प्रशांत कुमार प्रथम, 89 किलो ग्राम वर्ग में यश वर्मा व 102 किलो ग्राम वर्ग में प्रखर सैनी प्रथम रहे। निर्णायक मीनाक्षी रानी गौड़, सोनू प्रसाद, अनिल कुमार पाल, दुष्यंत कुमार, नरेश कुमार रहे।

ऊंची कूद बालक वर्ग में अश्वनी, विपिन व ध्रुव, बालिका वर्ग में जिज्ञासा, प्रेमलता व अनेक श्री क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहीं। भाला फेंक बालक वर्ग में अरुण चौधरी, योगेश कुमार, प्रिंस कुमार, बालिका वर्ग में जिज्ञासा, आरुषि चौधरी व राशि सारस्वत, गोला फेंक बालक वर्ग में सौरभ, लोकेश, राज दीक्षित, बालिका वर्ग में भावना कुमारी, प्रेमलता व शिवानी क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहीं।

लंबी कूद बालक वर्ग में प्रवीण कुमार, नितिन कुमार, प्रिंस कुमार, बालिका में पायल, शिवानी व प्राची पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहीं। निर्णायक क्रीड़ा अधिकारी राम मिलन, सचिव विवेक कुमार, कोच शौकत अली, विजय कुमार, पूजा रानी व प्रशांत चौधरी रहे।

# चार साल बाद टेस्ट टीम में वापसी के बाद चमके जोफ्रा आर्चर, आलोचकों पर साधा निशाना, जमकर लगाई लताड़

**इंग्लैंड।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने सोमवार को मैच जीतने के बाद आलोचकों को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि कीबोर्ड को योद्धाओं को चुप कराकर खुश हैं। बता दें कि, आर्चर की चार साल बाद टेस्ट टीम में वापसी हुई। उन्होंने लॉर्ड्स से पहले 2021 में इंग्लैंड के लिए टेस्ट मुकाबला खेला था।



## आलोचकों पर साधा निशाना

मैदान पर वापसी के बाद आर्चर ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने भारत के खिलाफ हाल ही में संपन्न हुए मुकाबले में कुल पांच विकेट हासिल किए। पहली पारी में उन्हें दो विकेट मिले जबकि दूसरी पारी में आर्चर ने भारत को तीन झटके दिए। मुकाबले के बाद उन्होंने स्काई स्पोर्ट्स से कहा- 'मुझे लगता है कि मैं (इंग्लैंड की जीत के बाद) थोड़ा भावुक हो गया था। यह सफर काफी लंबा रहा। मैं आपको बता नहीं सकता कि पिछले तीन या चार वर्षों में कितने कीबोर्ड योद्धा मेरे पीछे पड़े हुए थे।'

## सफल वापसी पर जताई खुशी

इस दौरान आर्चर ने दर्शकों को धन्यवाद दिया और वापसी पर खुशी जताई। उन्होंने आगे कहा- वापसी में काफी समय लग गया। काफी रिहैबिलिटेशन और ट्रेनिंग करनी पड़ी, लेकिन ऐसे पल ही हैं जो इसे सार्थक बनाते हैं। दर्शकों ने मेरा पूरा हौसला बढ़ाया कभी-कभी आपको लगता है कि आप वापसी के लिए तैयार हैं, लेकिन जब तक आप ऐसा नहीं करते, तब तक आपको वास्तविकता का पता नहीं चलता। सुरक्षित तरीका ही सबसे अच्छा तरीका है, इसलिए मैं ज्यादा परेशान नहीं था। मैं सफल वापसी करके खुश हूं।'

तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने आज से ठीक छह साल पहले 2019 में इसी लॉर्ड्स मैदान पर वनडे विश्व कप के फाइनल में सुपर ओवर फेंका था और चार साल से अधिक समय बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करते हुए सोमवार को उन्होंने 55 रन देकर तीन विकेट चटकाते हुए इंग्लैंड की जीत में एक बार फिर अहम भूमिका निभाई।

# हिमाचल की सात बेटियों को मिली टीम इंडिया में जगह

## एशिया कोर्फबाल चैंपियनशिप में दिखेगा जलवा

**नई दिल्ली।** चीन में 18 से 27 जुलाई तक होने वाली 11वीं एशियन वुमन यूथ हैंडबाल चैंपियनशिप में भारतीय युवा महिला टीम की कप्तानी का जिम्मा बिलासपुर की कनिष्का को पहली बार सौंपा गया है। कनिष्का के साथ हिमाचल की सात बेटियां टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करेंगी। भारतीय टीम 15 जुलाई को चीन के लिए रवाना होगी। कनिष्का के नेतृत्व में टीम इंडिया चीन के जिंगगांगशान शहर में होने वाली प्रतियोगिता में दम दिखाएंगी। टीम में हिमाचल की सात खिलाड़ी शामिल हैं।



इन होनहार बेटियों ने गुजरात के गांधीनगर में आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में खुद को साबित किया। 70 संभावित खिलाड़ियों में से पहले 28 को शॉर्टलिस्ट किया गया और फिर उनमें से 18 का फाइनल चयन हुआ। हिमाचल की ये सात खिलाड़ी अंतिम टीम में जगह बनाने में सफल रहीं। भारतीय टीम की कप्तान और पिवोट कनिष्का, गोलकीपर नेहा चौहान, लेफ्ट बैक शिवानी देवी, लेफ्ट विंग रिद्धिमा, राइट बैक मुस्कान, सेंटर बैक गारिमा, राइट विंग शिक्षा शामिल हैं। सभी खिलाड़ी मोरसिंघी हैंडबाल नर्सरी की हैं।

हैंडबाल कोच स्नेहलता ने बताया कि ये सभी खिलाड़ी मोरसिंघी हैंडबाल नर्सरी से प्रशिक्षित हैं। खिलाड़ियों ने हर तकनीकी और मानसिक तैयारी का शिविर में बखूबी प्रदर्शन किया। उन्हें उम्मीद है कि भारतीय टीम चैंपियन बनकर देश का परचम एशियन चैंपियनशिप में लहराएगी। टीम के साथ मुख्य कोच सचिन चौधरी, कोच मनीषा विनॉय, नवीन पुनिया और फिजियोथेरेपिस्ट मोनिका शर्मा भी रवाना होंगी।

### एशिया कोर्फबाल चैंपियनशिप में दिखेगा हिमाचल का जलबा

चीन के लेशान में 15 से 20 जुलाई तक होने वाली एशिया कोर्फबाल चैंपियनशिप में प्रदेश के छह खिलाड़ियों को भारतीय टीम में जगह मिली है। यही नहीं, भारतीय टीम के कोच भी हिमाचल से ही हैं। भारतीय कोर्फबाल संघ की ओर से घोषित टीम में बिलासपुर के दधोल स्कूल से कनिष्का ठाकुर, हर्ष राणा, राधिमा जसवाल और साक्षी, शूलिनी विश्वविद्यालय सोलन से मिली और शिमला से नव्या को शामिल किया गया है। इन युवाओं का चयन भारतीय कोर्फबाल टीम के लिए एक बड़ा मुकाम है।

भारतीय टीम को हिमाचल के विनोद ठाकुर प्रशिक्षण दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा में 6 से 12 जुलाई तक गहन प्रशिक्षण दिया गया। सभी खिलाड़ियों को कोर्फबाल के अंतरराष्ट्रीय नियमों और तकनीकों में दक्ष बनाया गया है। टीम को रविवार शाम अखिल भारतीय कोर्फबाल संघ के अध्यक्ष हिमांशु मिश्रा और पदाधिकारियों ने रवाना किया। प्रतियोगिता के बाद भारतीय टीम 21 जुलाई को स्वदेश लौटेगी। हिमाचल से इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ियों का चयन पहली बार हुआ है, जिससे प्रदेश के खेल जगत में खुशी की लहर है।

# 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में कब शुरू होगा क्रिकेट? सामने आई तारीख, टी20 प्रारूप में होंगे मैच





**नई दिल्ली।** लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले ओलंपिक में क्रिकेट की 128 साल बाद वापसी होने जा रही है। इस बहुप्रतीक्षित वापसी का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब होने वाले मैचों की तारीख को लेकर जानकारी सामने आई है। क्रिकेट के मुकाबले लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमेना शहर के फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में 12 जुलाई, 2028 से खेले जाएंगे। इसके पदक मैच 20 और 29 जुलाई, 2028 को खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के कार्यक्रम के मुताबिक, अधिकतर दिन दो मैच खेले जाएंगे, जबकि 14 और 21 जुलाई को कोई मैच नहीं होगा। पिछले साल अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने क्रिकेट, बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस (सिक्स) और स्क्वॉश को 2028 ओलंपिक खेलों में शामिल करने को मंजूरी दी थी।

**क्रिकेट के मुकाबले लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमेना शहर के फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में 12 जुलाई, 2028 से खेले जाएंगे। इसके पदक मैच 20 और 29 जुलाई, 2028 को खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के कार्यक्रम के मुताबिक, अधिकतर दिन दो मैच खेले जाएंगे, जबकि 14 और 21 जुलाई को कोई मैच नहीं होगा।**

## साल 1900 में क्रिकेट ओलंपिक का हिस्सा था

पिछली बार क्रिकेट साल 1900 में पेरिस ओलंपिक का हिस्सा रहा था। तब ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस के बीच दो दिवसीय मुकाबला खेला गया था। अब इसे अनाधिकारिक टेस्ट के रूप में गिना जाता है। हालांकि, लॉस एंजिलिस ओलंपिक में छह टीमें टी20 प्रारूप में खेलती दिखेंगी। इतना ही नहीं आयोजकों ने एक टीम में अधिकतम खिलाड़ियों की संख्या भी तय की है। आयोजकों ने कहा है कि एक टीम में 15 खिलाड़ी होंगे। पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में अधिकतम 90 खिलाड़ियों का कोटा तय किया गया है। यानी छह टीमों को मिलाकर अधिकतम 90 खिलाड़ी होंगे। यानी पुरुष और महिला वर्ग में कुल छह-छह टीमें और 180 खिलाड़ी ओलंपिक में क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप टी20 में भाग लेंगे।

### आईसीसी के 12 नियमित सदस्य

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल के फिलहाल 12 नियमित और 94 सहयोगी सदस्य हैं। नियमित सदस्यों में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे की टीमें हैं। हालांकि, 2028 ओलंपिक के लिए क्वालिफिकेशन प्रक्रिया के बारे में अब तक नहीं बताया गया है। इसमें अमेरिका का खेलना तय माना जा रहा है, क्योंकि उन्हें मेजबान कोटे का फायदा मिलेगा। इसका मतलब होगा कि अमेरिका के अलावा पांच और टीमें हिस्सा ले सकेंगी और उन्हें क्वालिफिकेशन प्रक्रिया से गुजरना पड़ सकता है।

# 204 रन के जवाब में 27 रन पर सिमटी वेस्टइंडीज टीम, तीसरे टेस्ट में कंगारुओं की 176 रन से जीत

**ऑस्ट्रेलिया।** ऑस्ट्रेलिया ने जमैका के किंग्सटन में इतिहास रच दिया है। उन्होंने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी को 27 रन पर समेट दिया, जो कि टेस्ट इतिहास को दूसरा न्यूनतम स्कोर है। वहीं, वेस्टइंडीज के टेस्ट इतिहास का यह न्यूनतम स्कोर है। विंडीज टीम 204 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही थी। इसी के साथ कंगारुओं ने मैच भी 176 रन से जीत लिया। यह एक डे नाइट (पिंक बॉल) टेस्ट मैच था।

ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में वेस्टइंडीज का 3-0 से सूपड़ा साफ कर दिया। पहला टेस्ट ऑस्ट्रेलिया ने 159 रन से और दूसरा टेस्ट 133 रन से जीता था। मिचेल स्टार्क को तीसरे टेस्ट में प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। साथ ही उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया। वहीं, बोलैंड ने हैट्रिक लेकर टेस्ट को और रोमांचक बना दिया। उन्होंने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में 14वें ओवर की पहली, दूसरी और तीसरी गेंद पर ग्रीव्स, शमार और वारिकन को पवेलियन भेजा।





## ऑस्ट्रेलिया-वेस्टइंडीज की पहली पारी

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 225 रन बनाए थे। कैमरन ग्रीन ने 46 और स्टीव स्मिथ ने 48 रन की पारी खेली थी। इसके अलावा कोई बल्लेबाज 25+ का स्कोर नहीं बना पाया था। वेस्टइंडीज की ओर से शमार जोसेफ ने चार विकेट झटके थे, जबकि जेडन सील्स और जस्टिन ग्रीव्स को तीन-तीन विकेट मिले। जवाब में वेस्टइंडीज की पहली पारी 143 रन पर सिमट गई। जॉन कैंपबेल ने सबसे ज्यादा 36 रन बनाए। इसके अलावा शाई होप ने 23 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्कॉट बोलैंड ने तीन विकेट लिए। वहीं, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस को दो-दो विकेट मिले। मिचेल स्टार्क और ब्यू वेबस्टर ने एक-एक विकेट लिया। पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया के पास दूसरी पारी में 82 रन की बढ़त हासिल थी।

### ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी, 203 रन की बढ़त

ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी 121 रन पर सिमट गई। कैमरन ग्रीन ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाए। वहीं, सैम कोंस्टास और एलेक्स कैरी खाता नहीं खोल सके। ख्वाजा 14, स्टीव स्मिथ पांच रन, ट्रेविस हेड 16 रन और वेबस्टर 13 रन बनाकर आउट हुए। कमिंस ने पांच, स्टार्क ने 11, बोलैंड ने एक और हेजलवुड ने चार रन बनाए। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ ने पांच और शमार जोसेफ ने चार विकेट झटके।

## वेस्टइंडीज के 10 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके

204 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम 14.3 ओवर में 27 रन पर सिमट गई। 10 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके। इनमें से सात बल्लेबाज तो खाता भी नहीं खोल पाए। खाता नहीं खोल पाने वाले बल्लेबाजों में जॉन कैंपबेल, केवलोन एंडरसन, ब्रैंडन किंग, कप्तान रोस्टन चेज, शमार जोसेफ, जोमेल वारिकन और जेडन सील्स शामिल हैं। मिकाइल लुईस चार रन, शाई होप दो रन बनाकर आउट हुए। अल्जारी चार रन बनाकर नाबाद रहे। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन जस्टिन ग्रीव्स ने बनाए। वह दहाई का आंकड़ा पार करने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे। ग्रीव्स ने 11 रन बनाए। स्टार्क ने पारी के पहले ही ओवर में तीन विकेट गिरा दिए थे। उन्होंने पहली, पांचवीं और आखिरी गेंद पर कैंपबेल, एंडरसन और किंग को आउट किया था। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्टार्क ने छह विकेट झटके, जबकि बोलैंड को तीन विकेट मिले। हेजलवुड को एक विकेट मिला। स्टार्क का यह 100वां टेस्ट मैच था। इसी को उन्होंने खास बना दिया। वह अपने 100वें टेस्ट में प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज बने।

# इंदिरापुरम में बाइक सवार बदमाशों ने व्यापारी से की लूट



### बड़ी है लूट की रकम, नोएडा से जुड़ रहा है कनैक्शन

**करंट क्राइम।** इन्दिरापुरम थाना क्षेत्र में हुई इस लूट की वारदारमें रकम सूत्रों द्वारा लगभग 40 लाख रूपये बताई जा रही है। वही पुलिस की जांच में जुटी टीम को घटना से सम्बन्धित फुटे ज और इनपुट मिला है। बदमाशों का लिंक नोएडा के सूरजपुर इलाके से होने की जानकारी मिली है। बताया जाता रहा है एसीपी इन्दिरापुरम, थाना इन्दिरापुरम और डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन की स्वॉट टीम जल्द ही लूट की इस सनसनी खेज वारदात का खुलासा कर सकती है। टीम को कई महत्वपूर्ण लिंक और लीड मिलने की जानकारी मिली है।

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम इलाके में बाइक सवार तीन बदमाशों ने सोमवार रात ग्रॉसरी व्यापारी से लाखों रुपये की लूट कर ली। विरोध करने पर बदमाशों ने व्यापारी को गोली मारने की धमकी दी, लूट के बाद बदमाश हिंडन की तरफ फरार हो गए। लूट की सूचना पर रात में एसीपी इंदिरापुरम और डीसीपी ट्रांस हिंडन नीमीष पाटिल मौके पर पहुंचे। रात तक पुलिस व्यापारी से पूछताछ करने में जुटी रही। हालांकि व्यापारी यह नहीं बताया कि कैश कितना था, लेकिन वह लाखों में होना बताया गया। बैग दे नहीं तो गोली खा गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार निवासी प्रवेश बिश्नोई ग्रॉसरी के व्यापारी हैं। वह सोमवार रात वसुंधरा सेक्टर- 13 स्थित अपनी शॉप को बंद कर सिद्धार्थ विहार में अपने आवास पर जा रहे थे। जैसे ही हिंडन पुश्ते के पास पहुंचे तभी बाइक पर आए तीन बदमाशों ने तमंचे के बल पर व्यापारी की बाइक रोक ली। पीड़ित ने विरोध किया तो बदमाशों ने कनपटी पर तमंचा लगा दिया। एक बदमाश ने व्यापारी को गाली देते हुए कहा कि जान प्यारी नहीं हे, बैग दे नहीं तो गोली खा। यह सुनते ही पीड़ित व्यापारी सहम गया, जिसके बाद बदमाश नोटों से भरा बैग लूट लिया।

कांवड़ यात्रा में कानून व्यवस्था को चुनौती कांवड़ यात्रा को लेकर शहर में सुरक्षा कड़ी है। पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड, एडिशनल पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी और सभी डीसीपी भी भ्रमण कर रहे हैं। उसके बाद भी बदमाशों ने व्यापारी से लूट कर ली। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि व्यापारी द्वारा अभी यह नहीं बताया गया कि कितना कैश था, मामला संदिग्ध लग रहा है। पुलिस जल्द ही पूरी घटना का खुलासा कर देगी।

## गाजियाबाद नगर निगम पर लगा 2.25 करोड़ का जुमार्ना




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश स्थित गाजियाबाद में राष्ट्रीय हरित अधिग्रहण यानी एनजीटी की तरफ से बड़ी कार्रवाई की गई है। एनजीटी ने गाजियाबाद के लोनी इलाके में पर्यावरण को नुकसान पहुँचाने पर नगर पालिका पर 2.25 करोड़ का जुमार्ना लगाया है। दरअसल, शिकायतकताओं का आरोप है कि नगर पालिक द्वारा इलाके की ग्रीन बेल्ट में लगातार सीवेज और ठोस कचरा डाला जा रहा है, जिससे न केवल हरियाली नष्ट हो रही है बल्कि ग्राउंड वाटर भी प्रदूषित हो रहा है और कई पेड़ सूख गए। हैं।

इस मामले में एनजीटी ने टिप्पणी की प्रशासनिक लापरवाही और विभागों के बीच समन्वय की कमी से पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है। एनजीटी ने मामले में नगर पालिका परिषद, जल निगम और ज़िलाधिकारी गाजियाबाद के वरिष्ठ अधिकारियों को अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया है। जल निगम को लोनी क्षेत्र में सीवरेज योजना तुरंत लागू करने का निर्देश दिया गया है।

### पहले भी गाजियाबाद नगर निगम पर लग चुका है जुमार्ना

आपको बता दें कि, राष्ट्रीय हरित अधिग्रहण यानी एनजीटी की तरफ से यह कोई पहली कार्रवाई गाजियाबाद नगर निगम पर नहीं की गई है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एनजीटी ने इससे पहले गाजियाबाद नगर निगम 4 करोड़ 57 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया था। दरअसल, मधुबन बापूधाम पॉकेट डी स्थित एसटीपी प्लांट में कूड़ा डालने के लिए एनजीटी ने गाजियाबाद नगर निगम पर चार करोड़ 57 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया था। साथ ही नगर निगम की तरफ से गलत जानकारी प्रस्तुत किये जाने पर नाराजगी जाहिर की थी।

बताते चलें कि मधुबन बापूधाम वेलफेयर सोसायटी की ओर से साल 2022 से 2024 में कांवड़ यात्रा के बहाने पाकेट डी स्थित एसटीपी में कूड़ा डाला जा रहा था। सोसायटी के सदस्यों ने कूड़ा डालने का विरोध करते हुए उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिलाधिकारी, नगर निगम व जीडीए सहित अन्य उच्चाधिकारियों से शिकायत की थी। सोसायटी के लोगों के विरोध को निगम प्रशासन के अधिकारियों ने पुलिस के बल पर बंद करवा दिया था। हालांकि सोसायटी की ओर से 7 अगस्त 2024 को एनजीटी नई दिल्ली में शिकायत दर्ज कराई गई थी।




### हाथी वालों के यहां नहीं चल रहा है संगठन में सीन कुछ ओके

पोलिटिक्स की बात करें तो यहां नीला हाथी इन दिनों हाशिये पर चल रहा है। चार बार सरकार लाने वाला हाथी इन दिनों मंदी के दौर से गुजर रहा है। कभी मुलाकातों के भी पैसे होते थे लेकिन अब कोई मुलाकात करने को भी तैयार नहीं है। मंदी का आलम ये है कि जिस थाने का कोई एसओ रहा हो, वो अब उसी थाने में चौकी इंचार्ज बना दिया गया है। महावत बता रहे हैं कि सीन ओके नहीं चल रहा है। जिन्हें जिले की कमान दी गई थी वो अब सिटी में डिप्टी प्रधान बन गये हैं। जिला संभालने वाले महानगर का उपाध्यक्ष बना दिये गये हैं। महावत बता रहे हैं कि अगर अंदर की बात पूछनी है तो लाला जी बतायेंगे। सुना है कि मामला कुछ कुछ वोटों का है और कुछ कुछ नोटों का है।

### बच्चा होने पर भी लोग आशीर्वाद लेने उनके दर पर जायेंगे

वक्त ऐसा बदला है कि नीम पर आम आने लगे हैं। जो नमस्ते का जवाब नहीं देते थे अब उनके सलाम आने लगे हैं। किस्सा फूल वालों में गूंज रहा है और बताया जाता है कि उठाने की परम्परा में काफी कुछ उठ रहा है। अब इससे ज्यादा और क्या होगा कि देवतुल्य ने कार खरीदी और सीधा ब्रेक योद्धा के घर जाकर मारे। निवेदन किया कि हे भगवा प्रभु आप मेरी नई कार में पधारें। इसके बाद प्रभु ने स्वयं अपने कर कमलों से कार का स्टेयरिंग थामा। अपने चरणों से एक्सलेटर पर दबाव दिया और थोड़ी दूर कार चलाई। इसके बाद जाकर देवतुल्य के चेहरे पर मुस्कान आई। किस्सा फूल वालों में गूंज रहा है और वो बता रहे हैं कि आप कार तक सीमित हैं और यहां तो कई प्रकार के प्रयोग हो लिये हैं। कहने वाले ने कहा कि कसर अब इतनी बाकी है कि किसी देवतुल्य के यहां किलकारी गूंजी तो वो सबसे पहले नवजात शिशु को योद्धा जी की गोदी में रखेगा और उनके आशीर्वाद से ही पूरा परिवार धन्य हो जायेगा। नई हवा है और नई भाजपा है।

### नदिया पार के निगम वालों का क्यों है जीडीए वालों से टू-मच प्यार

नदिया के इस पार सियासी हवा कुछ और बहती है और नदिया के उस पार सियासी हवा कुछ और बहती है। बीच में एक नदी बहती है और यहां का अंतर साफ दिखाई देता है। नदिया के उस पार वाले जीडीए के लिए ज्यादा प्यार रखते हैं। किस्सा ताजा है और जो पार्षद पति निगम को लेकर मोर्चा खोल रहे हैं वो ही पार्षद पति जीडीए में जाकर अधिकारी को गुलदस्ता देकर इतना मीठा बोल रहे हैं कि शुगर होने का खतरा बढ़ गया है। राज से पर्दा भी नदिया पार वाले ने उठाया और उसने कहा कि निगम का हैंडओवर अभी हुआ है और इससे पहले विकास की सारी कहानी जीडीए से चल रही थी। उसने बताया कि निगम में शिकायत करने से इतना जलवा नहीं आता है जितना जलवा जीडीए में शिकायत करने से आता है। उन्होंने बताया कि नदिया पार वालों की शिकायत पुस्तिका उठाकर देख लो। क्या बड़ा जनप्रतिनिधि और क्या छोटा जनप्रतिनिधि, सभी की शिकायतें जीडीए और आवास विकास से जुड़ी मिलेंगी। उन्होंने कहा कि ये तो निगम वाले हैं आप आरडब्लूए वालों को देख लो। वो भी आपको जीडीए में खड़े मिलेंगे।

## खरीफ सीजन में उर्वरक की कालाबाजारी पर प्रशासन अलर्ट

### विक्रेताओं को टैगिंग और ओवर रेटिंग पर चेतावनी, एफआईआर का आदेश



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** खरीफ सीजन के दौरान किसानों को उर्वरक की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। हापुड़ में कृषि विभाग की अवैध धंधे में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। कृषि विभाग ने 3 दुकानों के लाइसेंस भी पिछले सप्ताह निरस्त किए हैं।

जिला कृषि अधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि हापुड़ में यूरिया, डीएपी, एमओपी और एनपीके सहित सभी उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। कृषि विभाग ने विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मुख्य उर्वरकों के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग नहीं की जा सकती। किसानों को अतिरिक्त उत्पाद खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है।

किसानों को बिक्री रसीद देना अनिवार्य टैगिंग की शिकायत सही पाए जाने पर आपूर्तिकर्ता कंपनी, संस्था, डीलर और रिटेलर के खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत एफआईआर दर्ज की जाएगी। विक्रेताओं को ओवर रेटिंग से बचने के आदेश दिए गए हैं। उन्हें स्टॉक पंजिका में रोजाना प्रविष्टियां करनी होंगी। दुकान पर स्टॉक बोर्ड लगाना अनिवार्य किया गया है। बोर्ड पर उपलब्ध उर्वरकों की मात्रा और निर्धारित मूल्य दशार्ना होगा। किसानों को बिक्री रसीद देना भी अनिवार्य है।

जिला अधिकारी के निर्देश पर कृषि विभाग ने उर्वरक आपूर्तिकर्ता संस्थाओं, कंपनियों और थोक विक्रेताओं के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। नियमों की अवहेलना करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## भारतीय किसान यूनियन के साथ चालकों ने किया प्रदर्शन, एआरटीओ में रखी मांग





**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा में परिवहन विभाग के खिलाफ ऑटो-रिक्शा चालक सड़क पर उतर आए हैं। भारतीय किसान यूनियन (भानु) के नेतृत्व में चालकों ने सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन से सेक्टर-37 की ओर जाने वाले मार्ग पर चक्का जाम कर प्रदर्शन किया है। भाकियू (भानु) के परिवहन मंत्री चौधरी ओम प्रकाश पहुंचे और चालकों की समस्याएं सुनीं। संगठन ने एआरटीओ पर फिटनेस, परमिट और अन्य दस्तावेजों के नाम पर अवैध वसूली और मानसिक उत्पीड़न जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं।

प्रदर्शन करने वाले ऑटो-रिक्शा चालकों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनका उत्पीड़न नहीं रुका तो संगठन आगामी दिनों में व्यापक स्तर पर आंदोलन करेगा। प्रदर्शन के कारण सेक्टर 37 मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। राहगीरों और आम नागरिकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। सवारियों को ऑटो नहीं मिलने पर उनको कुछ दूर तक पैदल ही चलकर जाना पड़ा। इस दौरान सड़क पर ऑटो-रिक्शा के पहिए पूरी तरह से थमे रहे। मेट्रो से उतर कर ऑटो-रिक्शा में बैठने वाली सवारियों को दिक्कत का सामना करना पड़ा।

## ग्राइंडर गे ऐप पर लोगों से दोस्ती कर लूटपाट करने वाले 4 को पुलिस ने पकड़ा

**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्राइंडर गे डेटिंग ऐप के जरिए लोगों से धोखाधड़ी करने वाले गैंग के चार लोगों को नोएडा थाना सेक्टर-24 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये लोग ऐप के जरिए लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजते थे। इसके बाद चेटिंग करके उनको अपने जाल में फंसाते है। फिर सुनसान इलाके में ले जाकर उनके साथ लूटपाट करते है। इनके पास से कई लोगों का डेटा भी मिला है। इसके अलावा दो बाइक, फर्जी नंबर प्लेट 4 मोबाइल फोन और कैश मिला है। डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि ये लोग पिछले एक साल से सक्रिय है। इनको थाना सेक्टर-24 पुलिस व सर्विलांस टीम की मदद से मदर डेयरी सेक्टर 11 चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान अरबाज, विशाल कुमार, उस्मान और हिमांशु के रूप में हुई है। अब 12 से ज्यादा लोगों को ये अपना शिकार बना चुके है। इनके मोबाइल डेटा के जरिए पीड़ितों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

### समलैंगिक संबंध का देते थे ऑफर



ये लोग ग्राइंडर गे ऐप पर लड़कों से दोस्ती करते है। इसके बाद उनको समलैंगिक संबंध बनाने का ऑफर देते है। ऑफर एक्सेप्ट होने पर ये लोग व्यक्ति को किसी सुनसान इलाके में बुलाते है। वहां तमंचा और हथियार के बल पर उससे लूटपाट करते है। लूटपाट के जरिए मिलने वाले पैसे ये लोग मौज मस्ती के लिए खर्च करते है। इनके गैंग का लीडर विशाल है। सिर्फ विशाल ही 11वीं तक पढ़ा है।

नशा के बहाने बना गैंग बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि हम चारों लोग नशा करने के लिये पार्क में मिलते रहते थे। वही हम लोगों ने इस ऐप के माध्यम से लोगों के साथ धोखाधडी करने की योजना बनाई। इनके पास बरामद दोनों बाइक का रजिस्ट्रेशन नंबर फर्जी है। कहीं पकडे ना जाये इस डर से फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चलते है। यदि मोटरसाइकिल कही छूट जाये तो पकड़े जाने से बचने के लिये इंजन नंबर व चेसिस नंबर तक मिटा दिया है।

## नाबालिग से दुष्कर्म, होटल में ले जाकर नशीला पदार्थ पिलाया

### वीडियो बनाकर कर रहा ब्लैकमेल, मुकदमा दर्ज




**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मोदीनगर थानाक्षेत्र में एक 16 वर्षीय छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। किदवईनगर कॉलोनी का रहने वाला रोहित नाम का युवक छात्रा का पीछा करता था। कुछ समय बाद दोनों की दोस्ती हो गई। 9 मई को आरोपी छात्रा को मुरादनगर के एक होटल में ले गया। वहां उसे नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने वीडियो भी बना ली। तब से आरोपी वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी देकर लगातार दुष्कर्म कर रहा है। आरोपी पीड़िता को बदनाम करने और जान से मारने की धमकियां भी दे रहा है। बदनामी के डर से छात्रा ने दो बार आत्महत्या का प्रयास किया। पीड़िता की मां ने मोदीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि रोहित, उसका एक साथी नाजिम और रोहित के परिजनों के खिलाफ संगीन धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।




## जल्द मिलने वाले हैं एक आईपीएस

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के लिए आज एक गुड न्यूज आने वाली है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जो आज डीपीसी होने वाली है, उसमें पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के एक पीपीएस अधिकारी को प्रमोशन होने जा रहा है। वहीं अब पुलिस ऑफिस में बैठने वाले साहब लोगों की आईपीएस वाली लिस्ट में इजाफा हो जाएगा। वहीं सुनने में आ रहा है कि उनके कॉलर बैंड व स्तंभ जल्द लगाने का काम होगा। इन साहब के आईपीएस वाली लिस्ट में नाम तय माना जा रहा है तो इससे अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आईपीएस अधिकारियों के बीच नया एक्शन मोड भी आने वाले दिनों में नजर आएगा। वहीं इस लिस्ट के आने के बाद देखना यह होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में प्रमोशन पाने वाले आईपीएस अधिकारी को क्या पद दिया जाता है। वैसे उनकी सीनियरिटी बनती है और देखना होगा उन पर अधिकारी कितना और कहां भरोसा जताते हैं। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कांवड़ के बाद कुछ तब्दीलियां भी



देखने को मिल सकती हैं। सुनने में आ रहा है की डीसीपी स्तर को लेकर भी कुछ फेरबदल किया जा सकते हैं। तो वहीं एक आईपीएस को जल्द ही ट्रेनिंग पर भी भेजा जा सकता है। देखना होगा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कांवड़ यात्रा के बाद क्या सीन बनता है और इस सीन का किसको लाभ और नुकसान उठाना पड़ता है। वैसे इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अधिकारियों के लिए टेंशन थोड़ी बढ़ी हुई है क्योंकि कांवड़ यात्रा पर सर्वाधिक अटेंशन है। उधर कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से खास ड्रोन के जरिए गाजियाबाद और मेरठ कांवड़ मार्ग की फुटेज और वीडियो ली जा रही है, उसे सीधे मुख्यालय में नए वाले साहब को भी प्रजेंट की जा रही हैं। इसमें सुनने में आया है कि जिस तरीके से पहले दिन कांवड़ यात्रा में कुछ मिस मैनेजमेंट हुआ था, उसको लेकर फटकार वाला सीन भी बन गया था । कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि आज होने वाली डीपीसी में गाजियाबाद के लिए जो गुड न्यूज आने वाली है, उसके बाद साहब को मिठाई खिलाने वालों की लंबी लाइन लग सकती है क्योंकि उन्होंने कमिश्नरेट में लंबा समय बिताया है और उनका अंदाज भी जुदा है।

## अमेरिकी नागरिकों को ठगने वाले 12 गिरफ्तार

### मेल भेजकर लोन दिलाने का देते थे झांसा, 150 को बना चुके शिकार



**नोएडा (करंट क्राइम)।** फिशिंग मेल और गिफ्ट कार्ड बाउचर का लालच देकर अमेरिकी नागरिकों से ठगी करने वाले एक कॉल सेंटर पकड़ा गया। नोएडा की एक्सप्रेस वे पुलिस ने इस मामले में 12 लोगों को गिरफ्तार किया। इसमें 10 पुरुष और दो महिलाएं शामिल है। ये कॉलसेंटर एक रिहाइशी इमारत के 17वें फ्लोर पर चल रहा था। करीब तीन महीने से एक्टिव था। 150 से ज्यादा लोगों से ठगी कर चुके है। इनके बैंक अकाउंट , वॉलेट को फ्रीज किया जा रहा है।

डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि ये लोग ये लोग गूगल ऐप से डेटा खरीदते है। इसके बाद डेटा के अनुसार विदेशी नागरिकों को फिशिंग मेल करते है। ये मेल बल्क में किए जाते है। जिसमें अमुक व्यक्ति को गिफ्ट वाउचर जीतने का लालच दिया जाता है। इसके अलावा लोन लेने और कई प्रकार के ऑफर देते है। यदि उस व्यक्ति को जरूरत है तो वो रिवर्ट मेल में एस या दिए गए नंबर पर फोन करता है। जिसके बाद प्रोसेसिंग के नाम पर लोन कराने के लिए 300 डॉलर तक की डिमांड होती है। ये पैसा एप्पल ई-बाई, वालमार्ट गिफ्ट कार्ड के जरिए लेते है। बार कोड मिलने पर जब तक वो करेंसी में नहीं बदल जाता तब तक अमुक से संपर्क में रहते है। इसके बाद संपर्क तोड़ देते है। यदि किसी के पास पैसा नहीं होता तो ये एक फर्जी चेक भेजते है और वह व्यक्ति उस चेक का फोटो लेकर अपने अकाउंट में लगा देता है। यदि बैंक उसको पैसा पे करता है तो पेमेंट उसके अकाउंट में आ जाता है। जिस पैसे को ये लोग गिफ्ट कार्ड के जरिए लेते है।

टेलीग्राम और स्काईप ऐप करते बात ये लोग अक्सर उनको लोन देने के नाम पर टेलीग्राम व स्काईप ऐप के जरिए ही बातचीत करते है। पकड़े गए लोगों में अधिकांश नार्थ ईस्ट के है। जिनकी बोलचाल अमेरिकी भाषा से काफी मिलती है। ऐसे में अमेरिकी नागरिक आसानी से इनकी बातों में आ जाते है। डीसीपी ने बताया कि इनके बैंक खातों को फ्रीज कराया जा रहा है। सरगना समेत 12 गिरफ्तार इनकी पहचान मुस्तफा शेख ये कॉल सेंटर का सरगना है। चिनेवे, दिनेश पाण्डेय, सोहिल अजमिल, उमर सम्सी, .कल्पेस शर्मा, आफताब कुरैशी, विडोव, राम सेवक, सत्यनारायण मण्डल, थिजनो लुटो, .निबूले अकामी हुई है।

इसमें से अधिकांश नार्थ ईस्ट के है। इनके पास से 10 लेपटॉप भिन्न भिन्न कंपनियों , 16 एंड्रॉइड फोन, 9 लैपटॉप चार्जर, 9 हेड फोन, एक इंटरनेट राउटर, एक आई फोन चार्जर बरामद किया गया।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल हमेशा अपनी पॉलीटिक्ल एक्टिविटी से एक कनेक्टिविटी बना कर रखते हैं। घर पर आए सियासी मेहमानों से लेकर वह सामाजिक गतिविधियों को फेसबुक पर भी साझा करते हैं। खेलों से पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल का गहरा नाता है। पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# ड्रैगन कैप्सूल से इस खास अंदाज में बाहर निकले शुभांशु शुक्ला

## अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा पर गए भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला स्पेसएक्स के ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट के कैप्सूल में बैठकर पृथ्वी पर लौट आए हैं। उन्हें और उनके तीन अन्य साथियों को लेकर कैप्सूल पृथ्वी पर उतरा

## उनका अंतरिक्ष से पृथ्वी तक का सफर

**कैलिफॉर्निया।** शुभांशु शुक्ला समेत चार अंतरिक्ष यात्री 20 दिन बाद स्पेस से पृथ्वी पर लौट आए हैं। 23 घंटे के सफर बाद ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट ने कैलिफोर्निया के समुद्र पर लैंड किया। चारों अंतरिक्ष यात्री एक दिन पहले शाम आईएसएस से पृथ्वी के लिए रवाना हुए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैप्टन शुभांशु शुक्ला की सकुशल वापसी पर खुशी जताई है। उन्होंने अंतरिक्ष से धरती पर लौटने की इस यात्रा को मील का पत्थर करार दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स प्लेटफॉर्म के जरिए कहा, मैं पूरे देश के साथ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हूं, जो अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से पृथ्वी पर लौट आए हैं। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में, उन्होंने अपने समर्पण, साहस और अग्रणी भावना से करोड़ों सपनों को प्रेरित किया है। यह हमारे अपने मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान की दिशा में एक और मील का पत्थर है।

वहीं, स्पेसएक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ड्रैगन के सुरक्षित उतरने की पुष्टि हो गई है। एस्ट्रोपैगी, शक्स, एस्ट्रोस्लावोज और टिबी, पृथ्वी पर आपका स्वागत है! शुभांशु शुक्ला, अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री पेगी व्हिटसन, पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की और हंगरी के टिबोर कापू 26 जून को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की ओर रवाना हुए थे। वह राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय बने हैं। राकेश शर्मा ने यह यात्रा 1984 में की थी।





आज जब अंतरिक्ष यान पृथ्वी के वातावरण में लौट रहा था, तो 18 मिनट का डी-ऑर्बिट बर्न हुआ, जो प्रशांत महासागर के ऊपर हुआ। इस दौरान यान ने पृथ्वी की कक्षा से बाहर निकलने की प्रक्रिया शुरू की। अंतरिक्ष यान के वायुमंडल में प्रवेश करते समय, करीब सात मिनट तक यान से संपर्क टूट गया था। इसे ब्लैकआउट पीरियड कहा जाता है। यह आमतौर पर उस समय होता है, जब यान तेज गति और गर्मी के कारण सिग्नल नहीं पकड़ पाता।

वापसी की प्रक्रिया में यान के ट्रंक (पिछला हिस्सा) को अलग किया गया और हीट शील्ड को सही दिशा में लगाया गया, ताकि यान को वायुमंडल में प्रवेश करते समय सुरक्षा मिल सके। उस समय यान को करीब 1,600 डिग्री सेल्सियस तक की गर्मी का सामना करना पड़ा। अंतरिक्ष यान की सफल लैंडिंग के दौरान पैराशूट दो चरणों में खोले गए।


स्पेसएक्स ने बताया कि अप्रैल में एफआरसीएम-2 मिशन के जरिए ड्रैगन यान को पहली बार पश्चिमी तट (कैलिफोर्निया) पर उतारा गया था। यह दूसरा मौका था, जब ड्रैगन यान ने इंसानों को लेकर कैलिफोर्निया के तट पर लैंडिंग की। इससे पहले, स्पेसएक्स के ज्यादातर स्प्लैशडाउन (समुद्र में उतरने) अटलांटिक महासागर में होते थे।

आईएसएस पर अपने दो सप्ताह से अधिक के प्रवास के दौरान, शुभांशु शुक्ला ने कुल 310 से ज्यादा बार पृथ्वी की परिक्रमा की और लगभग 1.3 करोड़ किलोमीटर की दूरी तय की। यह दूरी पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी से 33 गुना अधिक है, जो अपने आप में एक शानदार उपलब्धि है।

अंतरिक्ष मिशन के दौरान चालक दल ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से 300 से ज्यादा सूर्योदय और सूर्यास्त देखे – जो पृथ्वी की तेज परिक्रमा की वजह से संभव हुआ। इसी बीच, इसरो ने सोमवार को बताया कि शुभांशु शुक्ला ने अपने मिशन के दौरान सभी सात सूक्ष्म-गुरुत्व प्रयोग और अन्य नियोजित वैज्ञानिक गतिविधियाँ सफलतापूर्वक पूरी कर ली हैं। इसरो ने इसे मिशन की एक बड़ी उपलब्धि बताया है।



ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट कैलिफोर्निया के समुद्र में लैंड हुआ



# भारत, चीन और ब्राजील पर 500% टैरिफ लगाएं रूस से तेल खरीदने पर अमेरिकी सांसद का बयान



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सीनेटरों ने रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए कड़े आर्थिक उपायों की मांग की है। उनका मानना है कि अगर भारत, चीन और ब्राजील जैसे देश रूस से सस्ता तेल और गैस खरीदना जारी रखते हैं, तो ये देश अप्रत्यक्ष रूप से पुतिन की युद्ध मशीन को ताकत दे रहे हैं। इसीलिए अब इन देशों पर 500 फीसदी तक टैरिफ लगाने का प्रस्ताव लाया गया है। यह प्रस्ताव अमेरिकी सीनेट में रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम और डेमोक्रेट सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने रखा है। इसे डोनाल्ड ट्रंप के हालिया ऐलान से समर्थन भी मिला है, जिन्होंने कहा है कि अगर रूस 50 दिनों के अंदर युद्ध नहीं रोकता, तो वे सेकेंडरी टैरिफ लगाएंगे। ऐसे में माना जा रहा है ट्रंप का सेकेंडरी टैरिफ सीनेटर रिचर्ड का प्रस्ताव हो सकता है।

### डोनाल्ड ट्रंप का सख्त रुख

नाटो महासचिव से मुलाकात के दौरान ट्रंप ने साफ कहा कि वे रूस से बेहद नाराज हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर 50 दिनों के भीतर शांति समझौता नहीं होता, तो 100% सेकेंडरी टैरिफ लगाए जाएंगे। ट्रंप के मुताबिक, इन टैरिफ का मकसद युद्ध को खत्म करना है, न कि व्यापार को नुकसान पहुंचाना। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पहले ही स्पष्ट किया था कि भारत इस मसले पर अमेरिका से संपर्क में है।

### भारत, चीन और ब्राजील पर टैरिफ का खतरा

सीनेटर ग्राहम और ब्लूमेंथल का कहना है कि जो देश रूस से सस्ता तेल और गैस खरीदते हैं, वे पुतिन की ताकत बढ़ा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे देशों पर 500% तक टैरिफ लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत, चीन और ब्राजील जैसे देशों को यह समझना चाहिए कि व्यापार के जरिए वे रूस की जंग को जिंदा रख रहे हैं। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका ने रूस पर पहले से ही कई स्तरों पर प्रतिबंध लगाए हुए हैं।

### सीनेट में 'रूस प्रतिबंध अधिनियम 2025' का प्रस्ताव

अप्रैल 2025 में ग्राहम और ब्लूमेंथल ने मिलकर ह्यरूस प्रतिबंध अधिनियम 2025ह्न नामक विधेयक पेश किया था। अब इसे ट्रंप के समर्थन से नई ऊर्जा मिली है। ब्लूमेंथल ने सोशल मीडिया पर कहा कि इस बिल का मकसद सिर्फ सख्त प्रतिबंध लगाना नहीं है, बल्कि वैश्विक दबाव बनाकर पुतिन को शांति वार्ता के लिए मजबूर करना है।

# विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से की मुलाकात, एससीओ बैठक में दिखा कूटनीतिक संवाद



**बीजिंग।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। यह मुलाकात एससीओ बैठक के दौरान हुई, जिसमें दोनों देशों के बीच संबंध सुधारने और सीमा पर तनाव कम करने पर चर्चा हुई।

जयशंकर ने वांग यी से भी मुलाकात की और आतंकवाद, व्यापार, और लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने जैसे मुद्दे उठाए। कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर शुरू करने पर सहमति बनी। भारत और चीन के बीच बीते कुछ वर्षों से चले आ रहे सीमा तनाव के बीच एक सकारात्मक तस्वीर सामने आई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। यह मुलाकात शंघाई सहयोग संगठन (रउड) के विदेश मंत्रियों की बैठक के मौके पर हुई। यह पहला मौका था जब जयशंकर ने सीमा पर हालिया तनाव कम होने के बाद शी जिनपिंग से सीधे बात की।

विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया पर बताया कि उन्होंने शी जिनपिंग को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने भारत-चीन के द्विपक्षीय संबंधों में हाल के सुधारों की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि दोनों देशों के नेताओं का मार्गदर्शन इस संबंध में काफी अहम रहा है और रिश्तों को नई दिशा देने में मदद कर रहा है।

### चीन के विदेश मंत्री से भी हुई अहम बातचीत

जयशंकर ने इसी एससीओ बैठक में सोमवार को चीनी विदेश मंत्री वांग यी से भी द्विपक्षीय चर्चा की। इस बातचीत में उन्होंने बताया कि पिछले 9 महीनों में भारत और चीन के बीच संबंधों में ह्यअच्छी प्रगतिह्न हुई है। खासकर सीमा पर तनाव कम हुआ है और शांति की स्थिति बनी है। उन्होंने यह भी कहा कि अब दोनों पक्षों को डि-एस्केलेशन और अन्य लंबित मुद्दों को हल करने की जरूरत है।

विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत और चीन को अपने मतभेदों को विवाद में नहीं बदलना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा कभी संघर्ष का रूप नहीं लेनी चाहिए। भारत और चीन के बीच स्थिर और रचनात्मक संबंध केवल हमारे लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए फायदेमंद हैं। उन्होंने इस संबंध को आपसी सम्मान, आपसी हित और संवेदनशीलता के आधार पर संभालने की जरूरत बताई।

### व्यापार और पर्यटन पर भी बातचीत

जयशंकर ने चीनी विदेश मंत्री वांग यी से एक्सपोर्ट कंट्रोल और व्यापारिक प्रतिबंधों पर भी चिंता जताई। उन्होंने मांग की कि चीन भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को नुकसान पहुंचाने वाले कदमों से बचे। साथ ही उन्होंने लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए ट्रैवल को आसान बनाने, सीधी फ्लाइट्स फिर से शुरू करने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की भी बात कही।

### आतंकवाद और कैलाश मानसरोवर यात्रा पर भी चर्चा

एससीओ बैठक के दौरान जयशंकर ने आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का रुख दोहराया। उन्होंने कहा कि एससीओ का मूल उद्देश्य आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ से लड़ना है, और सभी सदस्य देशों को ह्यजीरो टॉलरेंसह्न की नीति पर कायम रहना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने चीन द्वारा कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू करने के फैसले का स्वागत किया, जो पांच साल से बंद थी।

## स्वैदा में हिंसक झड़पों बाद सीरिया ने किया युद्धविराम का ऐलान, ड्रूज नेताओं ने लगाया 'नरसंहार' का आरोप



**दमिश्क।** सीरिया के स्वैदा में हिंसक झड़पों के बाद सीरियाई सरकार ने युद्धविराम का ऐलान किया है। ड्रूज नेताओं ने पहले शांति की अपील की, फिर सरकार पर नागरिकों पर हमले का आरोप लगाया। इसी दौरान इस्राइल ने भी सीरियाई सेना के टैंक पर हमला किया। सीरिया के रक्षा मंत्री मुरहाफ अबू कासरा ने मंगलवार को घोषणा की कि स्वैदा शहर में सरकार और स्थानीय गुटों के बीच समझौते के बाद सीरिया की सेना युद्धविराम करेगी। यह फैसला सोमवार को हुए हिंसक झड़पों के बाद लिया गया, जिसमें दर्जनों लोगों की मौत हो गई थी। बता दें कि स्वैदा प्रांत, जहां ड्रूज समुदाय की बड़ी आबादी रहती है, वहां सुन्नी बदूइन जनजातियों और ड्रूज लड़ाकों के बीच आपसी अपहरण और हमलों के कारण झड़पें शुरू हुईं। स्थिति को संभालने के लिए सरकार ने सेना भेजी, लेकिन सुरक्षा बलों और ड्रूज गुटों के बीच भी भिड़ंत हो गई। इसी दौरान इस्राइल ने सीरियाई सेना के एक टैंक पर हमला किया।

# यमन में भारतीय नर्स की सजा टालने की कोशिशें तेज, निमिषा प्रिया के लिए बढ़ी राहत की संभावना



**कोझिकोड।** भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की यमन में फांसी को टालने की कोशिशें तेज हो गई हैं। सूफी नेता शेख हबीब उमर और भारत के कंथापुरम मुसलियार के प्रयासों से मृतक तालाल के परिवार से बातचीत संभव हो पाई है। अब ब्लड मनी के बदले सहमति बनाने की कोशिश हो रही है। अगर वार्ता सफल रही, तो निमिषा की फांसी टल सकती है। भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की यमन में 16 जुलाई को प्रस्तावित फांसी से पहले उम्मीद की एक किरण नजर आई है। इस मामले में केरल के प्रभावशाली सुन्नी मुस्लिम नेता कंथापुरम ए पी अबूबकर मुसलियार के हस्तक्षेप के बाद यमन में बातचीत का रास्ता खुला है। अब यमन के एक प्रमुख सूफी विद्वान शेख हबीब उमर बिन हफीज के प्रतिनिधि और मृतक तालाल अब्दो महदी के परिवार के बीच बातचीत होनी तय हुई है। यह मुलाकात मंगलवार को यमन के धमार शहर में होगी, जो कि मृतक का पैतृक स्थान भी है।

कंथापुरम मुसलियार की पहल पर यमन के धार्मिक और सामाजिक नेतृत्व के साथ बातचीत का जो प्रयास शुरू हुआ, वह अब निर्णायक मोड़ पर है। खास बात यह है कि मृतक के परिवार का एक करीबी सदस्य, जो कि होदेइदाह राज्य न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश और यमनी शूरा काउंसिल का सदस्य है, अब बातचीत में शामिल हो गया है। यह व्यक्ति खुद भी सूफी परंपरा से जुड़ा हुआ है और शेख हबीब उमर के अनुयायी हैं, जिससे मध्यस्थता की प्रक्रिया को बल मिला है।

स्थानीय तनाव और कबीलों की भूमिका इस पूरे मामले में सिर्फ परिवार की भावना ही नहीं, बल्कि धमार क्षेत्र के कबीलों और स्थानीय निवासियों की भावनाएं भी जुड़ी हैं। यही वजह थी कि अभी तक कोई भी संगठन या व्यक्ति सीधे संपर्क में नहीं आ सका था।

### फांसी टालने की उम्मीद बढ़ी

जानकारों के मुताबिक मंगलवार को होने वाली बातचीत का केंद्र बिंदु ह्यब्लड मनीह्न (रक्त-मुआवजा) की स्वीकृति पर अंतिम सहमति बनाना है। कंथापुरम ने यमन सरकार से अनुरोध किया है कि जब तक ये बातचीत चल रही है, तब तक निमिषा प्रिया की फांसी को टाल दिया जाए। सूत्रों ने बताया कि इस पर यमनी प्रशासन विचार कर रहा है। इस पहल को सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है क्योंकि अब तक मृतक के परिवार से संपर्क करना असंभव माना जा रहा था।

### मुकदमे की पृष्ठभूमि और सरकार की सीमाएं

केरल के पलक्कड़ जिले की निवासी निमिषा प्रिया को 2020 में यमन में अपने बिजनेस पार्टनर तालाल महदी की हत्या के आरोप में मौत की सजा सुनाई गई थी। उनकी अंतिम अपील 2023 में खारिज कर दी गई थी और फिलहाल वह सना की जेल में बंद हैं। केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में जानकारी दी कि वह ज्यादा कुछ नहीं कर सकतीह्न क्योंकि यह यमन का आंतरिक न्यायिक मामला है। हालांकि भारत सरकार ने कुछ प्रभावशाली शेखों के माध्यम से प्रयास किए हैं।

# सितंबर में ब्रिटेन दौरे पर जाएंगे ट्रंप

## दूसरी बार राजकीय यात्रा पर जाने वाले पहले अमेरिकी राष्ट्रपति

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सितंबर में ब्रिटेन का राजकीय दौरा करेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप का यह दौरा 17 से 19 सितंबर के बीच होगा। गौरतलब है कि ट्रंप की यह ब्रिटेन की दूसरी राजकीय यात्रा होगी और ऐसा करने वाले ट्रंप अमेरिका के पहले राष्ट्रपति हैं। ट्रंप के ब्रिटेन दौरे पर किंग चार्ल्स तृतीय और रानी कैमिला विंडसर कैसल में ट्रंप का स्वागत करेंगे। ब्रिटेन दौरे पर ट्रंप के साथ उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप भी साथ रहेंगी। विंडसर कैसल ने सोमवार को ट्रंप के दौरे की पुष्टि की।

किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को दो बार ब्रिटेन की राजकीय यात्रा पर जाने का नहीं मिला मौका किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को अभी तक ब्रिटेन की दूसरी राजकीय यात्रा के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था। ट्रंप ने इससे पहले साल 2019 में अपने पहले कार्यकाल के दौरान ब्रिटेन की राजकीय यात्रा की थी और उस वक्त ब्रिटेन की दिवंगत महारानी क्वीन एलिजाबेथ ने उनका स्वागत किया था। अब वे दूसरी बार सितंबर में ब्रिटेन की राजकीय यात्रा करने वाले हैं। किंग चार्ल्स की ओर से ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने ट्रंप को ब्रिटेन दौरे पर आने का आमंत्रण दिया था। यह आमंत्रण उस वक्त दिया गया, जब कीर स्टार्मर ने बीती फरवरी में व्हाइट हाउस का दौरा किया था।



# चीन ने बढ़ाई जापान की चिंता, कहा- प्रशांत महासागर में ड्रैगन का बढ़ता दखल बन रहा रणनीतिक चुनौती

**टोक्यो।** जापान ने रिपोर्ट में कहा है कि प्रशांत क्षेत्र में चीनी युद्धपोतों की प्रगति लगातार बढ़ी है। पिछले तीन वर्षों में दक्षिण-पश्चिमी जापान से गुजरने वाले उनके जहाजों में तीन गुना बढ़ोतरी हुई है। इसमें ताइवान और उसके पड़ोसी जापानी द्वीप योनागुनी के बीच का जलक्षेत्र भी शामिल है। प्रशांत महासागर समेत अपने दक्षिण पश्चिमी तटों पर बढ़ती चीन की सैन्य गतिविधियों ने जापान की चिंता बढ़ा दी है। बीजिंग के लगातार बढ़ रहे दखल को जापान ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में सबसे बड़ी रणनीतिक चुनौती बताया है। जापानी रक्षा मंत्रालय ने कैबिनेट को सौंपी 534 पन्ने की वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि रूस के साथ बढ़ता चीन का संयुक्त अभियान, ताइवान के आसपास बढ़ता तनाव और उत्तर कोरिया से आने वाले खतरे जापान के लिए गंभीर सुरक्षा चिंता पैदा कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक समाज एक नए संकट के दौर में है। यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा है।




## गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद
विकास पथ गाजियाबाद

### सार्वजनिक नोटिस

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदिका ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 में उल्लिखित सम्पत्ति, जो प्राधिकरण की आवासीय योजना के अन्तर्गत स्थित है। भवन आवंटी / स्वामी की मृत्यु दिनांक 05.07.2014 को होने के कारण नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है :-

| क्र.सं. | मूल आवंटी / पट्टाधारक / स्वामी का नाम | भवन संख्या | योजना का नाम | आवेदिका का नाम (पति का नाम सहित) | आवेदिका का पता एवं दूरभाष संख्या | नामान्तरण का आधार | पट्टाधृत / पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्री बाबूलाल पुत्र श्री माधोराम | आर-185, एचआई०जी० (डुप्लैक्स) | प्रताप विहार | श्रीमती भगवती देवी पत्नी स्व० श्री बाबूलाल | पता-आर-185, एच०आई०जी०, डुप्लैक्स, प्रताप विहार, गाजियाबाद। मो0-9999959816 | मृत्यु उपरान्त नाम दर्ज | पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भवन के नामान्तरण के विरूद्ध कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्तियाँ सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर प्रभारी सम्पत्ति, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को प्रस्तुत कर सकता / सकती है, अन्यथा स्तम्भ-5 में अंकित व्यक्ति के नाम से सम्पत्ति का नामान्तरण प्राधिकरण के अभिलेखों में दर्ज कर दिया जाएगा और कोई पश्चात्वर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नही किया जाएगा।

सहायक प्रभारी सम्पत्ति, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

## गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद
विकास पथ गाजियाबाद

### सार्वजनिक नोटिस

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक/आवेदकों ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 में उल्लिखित सम्पत्ति, जो प्राधिकरण की आवासीय योजना के अन्तर्गत स्थित है, का अंतरण/नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है:-

| क्र0 सं0 | आवंटी/पट्टेदार का नाम | भूखण्ड सं0 व योजना का नाम | आवेदक का नाम | आवेदक का पता एवं दूरभाष संख्या | नामान्तरण का आधार | पट्टाधृत/पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | श्रीमती यशोदा देवी पत्नी श्री राजेन्द्र त्यागी | एफ-44, इन्द्रप्रस्थ | श्री शशि भूषण सिंह, श्री रवि भूषण, श्री पंकज कुमार व श्री प्रभात कुमार गौरव पुत्रगण श्री रामेश्वर प्रसाद सिंह | ग्राम व पोस्ट बरांव, थाना नोखा, बिहार-802215 9945561341 | आवंटी श्रीमती यशोदा देवी व मध्यवर्ती क्रेता श्री रोहित उनियाल से क्रेता श्रीमती जगवती देवी द्वारा भूखण्ड का क्रय करने के उपरान्त दिनांक 18.10.2018 को देहान्त होने के कारण | फ्री-होल्ड |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भूखण्ड के अन्तरण/नामान्तरण के विरूद्ध कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्तियां सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत कर सकते हैं, अन्यथा स्तम्भ-4 में अंकित व्यक्तियो के नाम से सम्पत्ति का अन्तरण/नामान्तरण प्राधिकरण के अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा और कोई पश्चातवर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नहीं किया जायेगा।

सहायक प्रभारी सम्पत्ति, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

# औद्योगिक क्षेत्र के सतत विकास की दिशा में यूपीसीडा की एक और सशक्त पहल



## 3.99 करोड़ की लागत से हो रहा फुटपाथ, ग्रीन बेल्ट और पाम ट्री प्लांटेशन का कार्य








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प को साकार करने हेतु औद्योगिक अधोसंरचना को सुदृढ़ और आधुनिक बनाने की दिशा में सतत कार्य कर रहा है। इसी दिशा में यूपीसीडा राज्य को एक मजबूत औद्योगिक राज्य के रूप में विकसित करने हेतु अनेक परियोजनाओं को क्रियान्वित कर रहा है। साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र के महत्वपूर्ण सौर ऊर्जा मार्ग पर उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा एक व्यापक सौंदर्यकरण एवं आधारभूत सुविधा विकास परियोजना प्रारंभ की जा रही है।

इस परियोजना के अंतर्गत 6 किलोमीटर लंबाई में सड़क के दोनों ओर फुटपाथ तथा ग्रीन बेल्ट का निर्माण कराया जाएगा। सेंट्रल वर्ज (मध्य पट्टी) पर सजावटी पाम ट्री लगाए जाएंगे, जो मार्ग को हरित और भव्य स्वरूप प्रदान करेंगे। ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में स्वचालित सिंचाई व्यवस्था और सौंदर्यकारी पौधारोपण किया जाएगा। फुटपाथ एवं ग्रीन एरिया पर आधुनिक कियोस्क की भी स्थापना की जाएगी, जिससे स्थानीय उद्यमियों एवं आगंतुकों को सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस संपूर्ण परियोजना पर लगभग धनराशि रू0 3.99 करोड़ की लागत अनुमानित है।

उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा औद्योगिक क्षेत्र के सतत विकास की दिशा में एक और सशक्त पहल करते हुये साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र (साइट-4) में यूपीसीडा द्वारा कुल धनराशि रू0 64.7 करोड़ की लागत से विभिन्न नागरिक अधोसंरचना परियोजनाएं तेजी से क्रियान्वित की जा रही हैं।

इन परियोजनाओं के अंतर्गत सीमेंट कंक्रीट सड़कों, आरसीसी नालियों और पेवर ब्लॉक्स का निर्माण, जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सिल्ट सफाई (डीसिल्टिंग), परिसरों एवं उपखंडों में सड़क एवं जल निकासी उन्नयन, तथा औद्योगिक क्षेत्र में दो प्रवेश द्वारों का निर्माण कार्य शामिल है। औद्योगिक क्षेत्र की बहुत पुरानी मांग को दृष्टिगत कर कर यातायात के सम संचालन हेतु बृज विहार माइनर ब्रिज का निर्माण कार्य प्रगति पर है ताकि यहां पर काफी समय से लगने वाले जाम से निजात मिल सके। औद्योगिक क्षेत्र के अन्तर्गत लगभग 6.00 किमी० सड़कों का पुर्ननिर्माण कराया जा चुका है एवं 08 किमी० सड़कों का कार्य निमार्णाधीन है। इसके अतिरिक्त 09 किमी० नाले की सफाई का कार्य भी कराया जा चुका है, जिसमें मुख्य नाले की सफाई का कार्य भी सम्मिलित है। प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य प्रगतिरत है तथा श्रमिक सुविधा केन्द्र का कार्य भी पूर्ण कराया गया है।



यह कार्य मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य न केवल क्षेत्र के सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देना है, बल्कि एक हरित, सुरक्षित और सुविधाजनक औद्योगिक वातावरण प्रदान करना भी है। इन सभी प्रयासों का उद्देश्य औद्योगिक क्षेत्र को विश्वस्तरीय बुनियादी सुविधाओं से लैस करना है, जिससे निवेशकों को एक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और टिकाऊ वातावरण मिल सके।

# बसपा ने की साहिबाबाद विधानसभा में बूथ कमेटियों को लेकर की समीक्षा बैठक





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बहुजन समाज पार्टी की ओर से साहिबाबाद विधानसभा की एक बूथ लेवल बैठक नंदग्राम में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता मेरठ मंडल प्रभारी देवेंद्र भारती ने की बैठक में कार्यकर्ताओं को बूथ गठन के बारे में विस्तार से बताया। मेरठ मंडल प्रभारी देवेंद्र भारती ने बताया कि प्रत्येक बूथ पर पांच कार्यकताओं की कमेटी का गठन किया जाना है। यह कमेटी विधानसभा चुनाव में पार्टी के वोट वोट होने को सुनिश्चित करेगी। प्रत्येक बूथ पर बूथ अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्य किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि साहिबाबाद विधानसभा में लगभग 60% बूथों का गठन कर लिया गया है। महानगर अध्यक्ष पीएन गर्ग ने कहा कि इस माह के अंत तक महानगर क्षेत्र के तीनों विधानसभा में बूथ और सेक्टर कमेटी का गठन कर लिया जाएगा। इसके बाद पार्टी नेतृत्व के निर्देश अनुसार विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी जाएगी। इस बैठक में साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में मेरठ मंडल के प्रभारी देवेंद्र भारती के अलावा पूर्व राज्य मंत्री दयाराम सेन जिला महामंत्री लेखराज बौद्ध विधानसभा अध्यक्ष बलवीर सिंह वरिष्ठ नेता पंकज शर्मा समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जनसुनवाई करते डीएम





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जिलाधिकारी दीपक मीणा कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में जनसुनवाई करते हुए।

# संजय नगर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप चौधरी का इस्तीफा नामंजूर प्रशासनिक चुनाव कराये जाने तक अध्यक्ष बने रहेंगे प्रदीप चौधरी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संजय नगर की श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप चौधरी का इस्तीफा कोर कमेटी के सभी सदस्यों ने एकमत से नामंजूर कर दिया है। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने वाले प्रदीप चौधरी ने कुछ समय पहले रामलीला विवाद को खत्म करने के लिए सोशल मीडिया पर अपना इस्तीफा डाल दिया था। चूंकि रामलीला कमेटी के दूसरे पक्ष संजीव चौधरी के द्वारा प्रदीप चौधरी पक्ष को कमेटी के दूसरे अध्यक्ष और स्थानीय पार्षद उमेश पप्पू नागर के इस्तीफे का आश्वासन मंगलवार शाम 4:00 बजे तक के लिए दिया गया था।

परन्तु पार्षद के द्वारा दिये गये समय में इस्तीफा ना दिये जाने और सुलह की पहल ना करने पर मंगलवार देर शाम को कोर कमेटी की एक बैठक में प्रदीप चौधरी का इस्तीफा नामंजूर कर दिया है। सर्वसम्मति से कमेटी ने कहा है कि जब तक प्रशासनिक चुनाव नहीं होता है तब तक प्रदीप चौधरी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी निभाते हुए, रामलीला महोत्सव का आयोजन करायें। इस बैठक में मोहन सिंह रावत, अशोक चांदीवाल, बिरेंद्र बाबू वर्मा, पवन शर्मा, अरुण शर्मा, कपिल वशिष्ठ, मोनू त्यागी, शुभ चौधरी, ऋषभ तिवारी, चेतन गौड़, मनोज कुमार वर्मा आदि उपस्थित रहे।





# कांग्रेस की बड़ी और महत्वपूर्ण बैठक आज मेरठ में, प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी करेंगे संबोधित

## गाजियाबाद समेत पश्चिम उत्तर प्रदेश के 13 जिलों में संगठन सृजन की होगी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** संगठन को मजबूत करने के इरादे से कांग्रेस की ओर से संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है । इसके तहत ब्लॉक और बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत किए जाने पर जोर दिया जा रहा है। इस अभियान को लेकर आज यानि बुधवार को एक बड़ी बैठक मेरठ में हो रही है। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे भी शामिल होंगे।

इस बैठक में पश्चिम उत्तर प्रदेश के 13 जिलों के अध्यक्ष, सह अध्यक्ष, प्रदेश कोऑर्डिनेटर, ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक प्रभारी और जनप्रतिनिधियों को बुलाया गया है। बैठक में सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत, गाजियाबाद, हापुड़, बुलंदशहर, मेरठ, बिजनौर, अमरोहा, संभल, गौतम बुध नगर और मुरादाबाद में चल रहे सृजन संगठन अभियान की समीक्षा की जाएगी। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे प्रत्येक जिले से सृजन संगठन अभियान की रिपोर्ट तलब करेंगे। साथ ही बूथ और ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत करने को लेकर दिशा निर्देश दिए जाएंगे। इस बैठक में प्रत्येक जिले से करीब 30 वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि अहमदाबाद कार्य समिति की बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देश पर पूरे देश में संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में प्रत्येक जिले एवं महानगर में यह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के लिए प्रदेश नेतृत्व की ओर से दो दो कोआर्डिनेटर नियुक्त किए गए हैं। जो हर हफ्ते अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में संगठन की बैठक आयोजित कर कार्यकताओं में जोश भरने का काम कर रहे हैं ।

उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस प्रत्येक विधानसभा में बूथ और ब्लॉक लेवल पर पार्टी को मजबूत करने की कवायद कर रही है। कांग्रेस की ओर से विधानसभा कमेटी का गठन नहीं किया जाता है बल्कि उसकी जगह ब्लॉक स्तर पर कमेटियों का गठन किया जाता है। ब्लॉक लेवल की कमेटी कांग्रेस में मजबूत कमेटी होती है जो प्रत्याशियों के चयन से लेकर कार्यकताओं को जिम्मेदारी देने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। मेरठ में बुधवार को होने होने वाली बैठक में ब्लॉक लेवल पर पार्टी को मजबूत किए जाने की समीक्षा की जाएगी।

# विश्व युवा कौशल दिवस पर संगोष्ठी एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

## सीखा गया हुनर ही सफलता की नींव रखता है : देवेन्द्र कुमार





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मेरा युवा भारत गाजियाबाद, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में इंस्टीट्यूट ऑफ फाइनेंस कॉलेज, मोदीनगर में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपनिदेशक देवेंद्र कुमार ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने सतत विकास के लक्ष्यों की दिशा में कौशल विकास की महत्ता को ध्यान में रखते हुए 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस के रूप में घोषित किया था। यह दिन युवाओं को वर्तमान समय की आवश्यकताओं के अनुरूप कुशल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। वर्ष 2025 इस दिवस की दसवीं वर्षगांठ है। उन्होंने बताया इस वर्ष का विषय 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण'।

कॉलेज के निदेशक संघर्ष शर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में शिक्षा, व्यवसाय, स्वास्थ्य, नैतिकता जैसे प्रत्येक क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल तकनीक की भूमिका तेजी से बढ़ रही है। अतः युवाओं को इन विषयों में दक्षता हासिल करनी चाहिए ताकि वे भविष्य की चुनौतियों के लिए स्वयं को तैयार कर सकें। कार्यक्रम में डॉ. रुचि विद्यार्थी, शीतल, रीता घोष अध्यापकों के अलावा दीपांशु, मेघना, माही, साक्षी, अर्शी जायसवाल, फिजा, निकेत आदि युवाओं ने भाग लिया तथा युवाओं ने विषय से संबंधित अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत सभी अतिथियों एवं प्रतिभागी युवाओं ने अपनी माताओं के सम्मान में पौधरोपण किया। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ मातृ-सम्मान को जोड़ने का एक अनूठा प्रयास है, जिसे प्रतिभागियों द्वारा भावनात्मक रूप से सराहा गया। समापन समारोह में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रकाश तिवारी एवं पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक तालिब का सराहनीय योगदान रहा।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मिशन निदेशक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, लखनऊ तथा निदेशक, प्रशिक्षण निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में मंगलवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गाजियाबाद में विश्व युवा कौशल दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में विश्व युवा हिन्दू वाहिनी के अध्यक्ष आयुष त्यागी एवं सभासद नितिन कुमार एवं शिवा चौधरी की उपस्थिति में दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य एवं जिला समन्वयक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के0डी0 मिश्र, कार्यदेशक सतेन्द्र कुमार, देवेन्द्र सिंह, अजय कुमार, एम0आई0एस0 प्रबन्धक अरूण कुमार पाण्डेय, संदीप कुमार एवं मनजीत शाही उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि, विशिष्ठ अतिथियों तथा उपस्थित अधिकारीगणों द्वारा प्रशिक्षार्थियों को उनके भविष्य के लिये शुभकामनायें देकर कार्यक्रम का समापन किया गया।



# सुंदरदीप इंजीनियरिंग कॉलेज में फेयरवेल 2025

## बी.टेक और एम.टेक छात्रों को दी गई भावभीनी विदाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुंदरदीप इंजीनियरिंग कॉलेज ने अपने बी.टेक और एम.टेक के स्नातक छात्रों को एक यादगार और भावभीनी विदाई समारोह के साथ अलविदा कहा। समारोह का आगाज पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। छात्रों ने अद्भुत कला का प्रदर्शन करते हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक शानदार प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर कॉलेज के शीर्ष नेतृत्व महेंद्र अग्रवाल (अध्यक्ष), अखिल अग्रवाल (उपाध्यक्ष), नितिन अग्रवाल (प्रो-कुलाधिपति), डॉ. प्रसन्नजीत कुमार (कुलपति), पीयूष श्रीवास्तव (प्रो-वाइस चांसलर, एसजीयू), डॉ. राजीव रतन (रजिस्ट्रार), और सुभाष शर्मा (मुख्य लेखा अधिकारी) ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। सुंदरदीप इंजीनियरिंग कॉलेज की निदेशक डॉ. मोनिका सेंगर ने अपने स्वागत भाषण में छात्रों को उनके भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विदाई समारोह को आयोजित करने में बी.टेक सीएसई विभागाध्यक्ष वंदना शर्मा और उनकी टीम के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। डॉ. गावेंद्र सिंह, पायल गोयल, कपिल देव शर्मा, विभोर गुप्ता, निधि शर्मा, आरजू जैन, शगुन, पंकज तिवारी, मोनू कुमार ने छात्रों के साथ मिलकर इस यादगार दिन को सफल बनाया। एसडीजीआई एवं एसजीयू के निदेशकगण, एडमिशन सेल, एवं सीआरसी विभाग के गणमान्य प्रतिनिधि भी समारोह में उपस्थित रहे और छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।





# घेवर से 20 से ज्यादा लोग बीमार, खाद्य सुरक्षा विभाग ने लिए 6 सैंपल, जांच शुरू

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** एक परिवार के 20 से अधिक सदस्य हापुड़ से खरीदा घेवर खाने के बाद बीमार हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। परिवार ने खाद्य सुरक्षा विभाग में शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद हापुड़ में टीम ने मिठाई की दुकान पर जाकर कार्यवाही की।

इस दौरान अन्य दुकानदारों में हड़कंप मच गया। मंगलवार देर शाम तक कार्यवाही जारी थी। हापुड़ से मेरठ गया था घेवर दरअसल, हापुड़ से एक व्यक्ति ने घेवर खरीदकर मेरठ अपनी रिश्तेदारी में भेजा था। आरोप है कि घेवर खाने से 20 से अधिक लोग बीमार हो गए। इसके बाद हापुड़ में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग से शिकायत की गई। शिकायत के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम हापुड़ स्वीट्स पहुंची। खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर.पी. गुप्ता, आर.पी. गंगवार और सहरिश सादात के नेतृत्व में टीम ने दुकान से घेवर समेत अन्य मिठाइयों के नमूने लिए। इन नमूनों को जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। नॉन वेज निकला तो हुई कार्रवाई इसी बीच शहर में ऑनलाइन फूड डिलीवरी में भी लापरवाही का मामला सामने आया है। काठी एक्सप्रेस से एक ग्राहक ने वेज रोल मंगाया था। लेकिन उसे नॉनवेज रोल मिला। ग्राहक ने इसकी शिकायत विभाग से की। विभाग की टीम ने काठी एक्सप्रेस से भी खाद्य नमूने लिए हैं।



सहायक आयुक्त सुनील कुमार ने बताया कि सभी नमूनों की जांच की जाएगी। जांच में दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने लोगों से अपील की है कि खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका होने पर तुरंत शिकायत करें।